


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 197 | ग्वालियर शुक्रवार 24 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

# स्थगित हुए उपचुनाव

**नई दिल्ली/ भोपाल।** देश में कोरोना वायरस महामारी और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भारतीय चुनाव आयोग ने मप्र की 26 विधानसभा सीटों सहित विभिन्न राज्यों में होने वाले लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव रद्द कर दिए हैं। कई राज्यों में सात सितंबर तक ये उपचुनाव होने थे और मगर देश बाढ़ और कोरोना की स्थिति को देखते हुए इन्हें फिलहाल रद्द कर दिया गया है। गुरुवार को चुनाव आयोग बयान जारी कर कहा कि जैसे ही देश में हालात सामान्य होंगे उपचुनाव कराए जाएंगे। अगले दो माह में होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। चुनाव आयोग ने कोरोना महामारी के चलते उपचुनाव को स्थगित करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि कोरोना काल में उपचुनाव कराना संभव नहीं है। इधर, दो दिन पहले ही मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक साक्षात्कार में सितंबर तक चुनाव कराने की बात कही थी, इसके बाद प्रदेश में चुनाव की हलचल तेज हो गई थी और पार्टियों ने अपने-अपने स्तर पर तैयारी भी तेज कर दी थी। 26




सीटों पर एक दूसरे की पार्टियों से नेताओं को अपने खेमे में मिलाने के दौर के बीच अब पार्टियों को निराशा का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि चुनाव अब आगे बढ़ गए हैं। मप्र में जौरा और आगर सीटों पर उपचुनाव की तिथि 6 माह के पार चली गई है। वहीं 10 मार्च को कांग्रेस के 22 विधायक इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। 10 मार्च से 10 अगस्त तक 6 महीने पूरे हो रहे हैं। वहीं दो सीटों बड़ा मलहरा और नेपानगर सीट अभी खाली हुई हैं। चुनाव 6 महीने के अंदर कराना जरूरी होता है। लेकिन मप्र और अन्य राज्यों में कोरोना संक्रमण को देखते हुए संभावना थी कि सितंबर में उपचुनाव होंगे, लेकिन बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अब आयोग ने उपचुनाव टालने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने उपचुनाव टाले जाने पर भाजपा को घेरा है। जीतू का कहना है कि उपचुनाव टालना सिर्फ कांग्रेस की जीत को रोकने का प्रयास है। लोग भाजपा को पंसद नहीं कर रहे हैं। इसी डर से केंद्र के इशारे पर चुनाव टले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने चुनाव आयोग से 26 सीटों पर होने वाले उपचुनाव मतपत्र से कराने की मांग की। इस पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि उपचुनाव में ईवीएम के बदले मतपत्रों से मतदान की कमलनाथ जी की मांग सिर्फ कांग्रेस की हताशा है। बटन दबाने से अगर कोरोना फैलने का डर है तो क्या मुहर लगाने से ये डर खत्म हो जाएगा?

### इन सीटों पर होने हैं उपचुनाव

नेपानगर, बड़ामलहरा, डबरा, बदवावर, भांडेर, बमौरी, मेहगांव, गोहद, सुरखी, ग्वालियर, मुरैना, दिमनी, ग्वालियर पूर्व, करेरा, हाटपिपल्या, सुमावली, अनूपपुर, सांची, अशोकनगर, पोहरी, अंबाह, सांवेर, मुंगावली, सुवासरा, जौरा, आगर-मालवा।

## चीन से निपटने के लिए अमेरिका की तर्ज पर थियेटर कमान जल्द

**नई दिल्ली।** देश की सीमाओं को और सख्त बनाने के लिए इस



समय तीनों सेनाओं को नया स्वरूप देने की कोशिश की जा रही है। इसके पीछे मकसद यह है कि संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सैन्य ताकत में इजाफा करना। इसी कड़ी में चीनी खतरे के मद्देनजर पहली थियेटर कमान तैयार किए जाने के आसार हैं। संभावना है कि इस साल के अंत तक यह तैयार हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार अमेरिका और चीन की तर्ज पर भारतीय सेनाओं को भी थियेटर कमान के भीतर लाकर आधुनिक जरूरतों के अनुरूप संचालित किया जाएगा। एक थियेटर कमान के साथ थल, जल और नभ तीनों सेनाओं की ताकत रहेगी। इसका एक मुख्यालय होगा तथा एक संचालनात्मक प्रमुख होगा। सूत्रों का कहना है कि थियेटर कमान की संरचना पर तेजी से कार्य चल रहा है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस के नेतृत्व में इस पर कार्य किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, शुरुआत में तीन प्रारंभिक थियेटर कमान बनाने का प्रस्ताव है। एक पाकिस्तान सीमा के मद्देनजर, दूसरी चीन सीमा को ध्यान में रख तथा तीसरी समुद्री सुरक्षा को लेकर। इसके बाद मध्य थियेटर कमान भी बनाई जा सकती है। संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए एक लॉजिस्टिक कमान भी बाद में बनाई जाएगी। सूत्रों का कहना है कि मौजूदा परिस्थिति में चीनी सीमा को ध्यान में रखते हुए थियेटर कमान बनाई जा सकती है।

## मप्र में कांग्रेस के विधायक तो भाजपा के पूर्व मंत्री ने छोड़ी पार्टी

# पटेल भाजपा में, अग्रवाल कांग्रेस में शामिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस को एक बार फिर से झटका लगा है। मांधाता से कांग्रेस



विधायक नारायण पटेल ने गुरूवार को कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है वहीं पूर्व मंत्री केएल अग्रवाल ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। पटेल ने राजधानी में अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा को दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। फिर शाम को भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की उपस्थिति में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। इसके साथ ही अब प्रदेश में विधानसभा की 27 सीटें रिक्त हो गई हैं। मध्य प्रदेश में इसी महीने ये तीसरे विधायक हैं, जो भाजपा ज्वाइन करने जा रहे हैं। इसके पहले 24 विधायक कांग्रेस का साथ छोड़ चुके हैं। 15 दिनों के अंदर कांग्रेस को यह तीसरा बड़ा झटका है। नारायण पटेल के इस्तीफे के साथ ही मप्र में कांग्रेस विधायकों की संख्या अब 89 रह गई है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के विधायक संभल नहीं रहे हैं। कमलनाथ लगातार विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में लगे हुए हैं। उसके बावजूद भी इस्तीफों का दौर नहीं थम रहा है। भाजपा नेता लगातार कह रहे हैं कि कांग्रेस के कई विधायक लाइन में लगे हुए हैं। नारायण पटेल का बुधवार से ही फोन बंद था। गुना के भाजपा नेता और पूर्व राज्यमंत्री केएल अग्रवाल गुरूवार को अपने 400 समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली। अग्रवाल ने कहा वो कमलनाथ की नीतियों और काम से प्रभावित होकर यहां आए हैं। उपचुनाव में पार्टी बमोरी से किसी को भी टिकट दे उनका एक मात्र उद्देश्य दलबदल कर बीजेपी में गए मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया को हराना है। अग्रवाल गुना की बमोरी सीट से टिकट के दावेदार माने जा रहे हैं। अग्रवाल के कांग्रेस में आने के बाद पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा कि केएल अग्रवाल ने कहा था कि मेरा टारगेट बिकाऊ को हराना है।

## पीएम मोदी ने मणिपुर में किया वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वाटर



सप्लाई परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि वह मणिपुर की महिलाओं को %रक्षा बंधन% का तोहफा दे रहे हैं। पीएम मोद ने कहा कि यह परियोजना मणिपुर के ग्रेटर इंफाल और 1,700 गाँव को स्वच्छ पेयजल देगी। यह इन लोगों को एक लाइफ लाइन प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के एक लाख परिवारों में महिलाओं को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परियोजना को स्थानीय पंचायतों और यहां रहने वाले लोगों की मदद से तैयार किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर जल आपूर्ति परियोजना हजारों लोगों के लिए रोजगार भी पैदा करेगी। उन्होंने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि कोविड -19 लॉकडाउन के दौरान भी पाइपलाइन बिछाने का काम जारी था।

## भारत में रोज आ रहे दुनिया के 20 फीसदी मामले

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 20 दिन में कोरोना के दैनिक मामलों में 65 फीसदी का इजाफा हुआ है। ये बढ़ोतरी अमेरिका से ढाई गुना ज्यादा है। जून की शुरुआत में देश में हर दिन औसतन 9,115 मामले आ रहे थे। पिछले 50 दिन में हर दिन आने वाले मामलों में 300 फीसदी से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया है। मई की शुरुआत में हर दिन 2,907 मामले आ रहे थे। तब से अब तक हर दिन आने वाले मामलों में 1171 फीसदी बढ़ोतरी



दर्ज की गई है। इस समय दुनिया में रोज 2 लाख से ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। इनमें से 20 फीसदी मरीज भारत में मिल रहे हैं। अमेरिका और ब्राजील में हर रोज आने वाले मामले स्थिर हो चुके हैं। लेकिन, भारत में इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।

## राजस्थान की सियासी उठापटक में घिरे केंद्रीय मंत्री

# 884 करोड़ के घोटाले में शेखावत के खिलाफ जांच के आदेश

**जोधपुर ।** राजस्थान की सियासी उठापटक के बीच केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर जांच का शिकंजा कस रहा है। विधायकों को खरीद-फरोख्त के मामले में एसओजी पहले ही शेखावत को नोटिस जारी कर चुका है। दूसरी तरफ जयपुर के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने पुलिस से कहा है कि 884 करोड़ के क्रेडिट सोसायटी घोटाले में शेखावत के



खिलाफ आरोपों की जांच होनी चाहिए। इस मामले में शेखावत की पत्नी का भी नाम है। संजीवनी क्रेडिट सोसायटी के निवेशकों की शिकायतों के बाद पिछले साल घोटाले का खुलासा हुआ था। सोसायटी के फाउंडर और एमडी विक्रम सिंह को एसओजी ने गिरफ्तार किया था। शेखावत और विक्रम सिंह प्रॉपर्टी के बिजनेस में पार्टनर रहे थे। हालांकि, घोटाला सामने आने से काफी पहले ही दोनों अलग हो गए थे। लेकिन शिकायत करने वालों का आरोप है कि संजीवनी क्रेडिट सोसायटी की बड़ी रकम शेखावत और उनके परिवार की कंपनियों में ट्रांसफर की गई। संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले में एसओजी ने 23 अगस्त 2019 को एफआईआर दर्ज की थी। शेखावत का नाम चार्जशीट में नहीं था। बाद में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने भी शेखावत का नाम चार्जशीट में जोडने् की अर्जी खारिज कर दी। उसके बाद याचिका लगाने वाला एडिशनल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट पहुंचा था। सोसायटी ने राजस्थान में 211 और गुजरात में 26 शाखाओं के जरिए बड़े मुनाफे का लालच देकर करीब 1,46,991 निवेशकों से रकम जुटाई।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


# बेटियों के विरूद्ध अपराध के मामले फास्टट्रैक में चलाये

## मुख्यमंत्री चौहान द्वारा पुलिस महानिदेशक को निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छिंदवाड़ा में 3 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार और मौत की घटना में शामिल आरोपियों का मामला फास्टट्रैक में ले जाकर इस जघन्य अपराध के लिए फाँसी की सजा कराने के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिये हैं। मुख्यमंत्री ने आज पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया कि इस घटना की तत्परता से कड़ी जाँच की जाये और प्रकरण फास्टट्रैक अदालत में चलाकर आरोपी को कड़ा से कड़ा दंड सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में माफियाओं, गुंडो और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में ऐसे किसी भी



अपराधी को बख्शा नहीं जाये। बेटियों के विरूद्ध अपराध पूरी मानवता के खिलाफ है। ऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नही जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 13 जुलाई और 20 जुलाई को कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए माफियाओं के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने एसपी और कलेक्टर को माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये थे। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा था कि किसी भी जिले में कार्रवाई होने में लापरवाही होती है तो इसके लिए कलेक्टर और एसपी जिम्मेदार होंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान में बड़े सफेदपोश गुंडो और अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। नाबालिग बालिकाओं के साथ आपराधिक कृत्य करने वाले सफेदपोश मीडिया से जुड़े प्यारे मियां के खिलाफ पुलिस ने सख्ती से कार्यवाई की। उनकी तत्काल गिरफ्तारी हुई और अतिक्रमण पर बनाई उनकी सम्पत्तियों को धराशायी किया गया। उनके विरूद्ध अपराध के जितने अन्य मामले थे उनकी भी जाँच सख्ती से की जा रही है।

## शासन की अनेक योजनाएं फिर भी महिलाओं में हो रही खून की कमी प्रतिदिन 20 से 30 महिलाएं पहुंच रही है अस्पताल , लेब टेक्नीशियन न होने के चलते ब्लड स्टोर यूनिट 11 माह से बंद...

# खून की कमी से चलते प्रसूता महिलाओ को हो रही परेशानी, मुरैना किया जा रहा है रेफर...

रिपोर्टर राधा तोमर अम्बाह...

अम्बाह...गर्भवती महिलाओं में खून की कमी ना हो और प्रसव के समय जच्चा और बच्चा दोनों सेहतमंद हो इसके लिए कई योजनाएं शासन द्वारा चलाई जा रही है लेकिन इन योजनाओं का सही क्रियान्वयन ना होने से हर दूसरी महिला महिला हीमोग्लोबिन की कमी से पीड़ित मिल रही है इससे गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय खतरा बढ़ जाता है और उन्हें रेफर करना पड़ता है अकेले सिविल अस्पताल अंबाह और पोरसा से प्रतिदिन 4 से 5 महिलाएं जिला चिकित्सालय रेफर करनी पड़ रही है वहीं प्राइवेट तौर पर भी अनेक महिलाएं ग्वालियर और मुरैना जाकर उपचार करा रही हैं ज्ञात रहे कि लगभग चार वर्ष पहले प्रसूता महिलाओं जरूरत पड़ने पर ब्लड चढ़ाने के लिए सिविल अस्पताल अंबाह में ब्लड स्टोरेज यूनिट खोली गई थी किंतु जुलाई माह 2019 से इस यूनिट में कोई ट्रेंड टेक्निशियन न होने के कारण यह यूनिट बंद पड़ी हुई है ज्ञात रहे कि वर्ष 2019में 3 माह में लगभग 40 महिलाओं को इस यूनिट के जरिए रक्त चढ़ाया गया था किंतु 11 माह से इस यूनिट के बंद होने के कारण महिलाओं को मुरैना जाना पड़ रहा है।।चल रहे है अनेक जागरूकता कार्यक्रम।।। दरअसल गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं में खून की कमी दूर करने के लिए आशा



कार्यकर्ता और एएनएम ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर गर्भवती महिलाओं के गर्भधारण करने के बाद समय-समय पर उनके टीके लगाकर , आयरन की गोलियां सहित अन्य दवाएं देती हैं किंतु देखा जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों में इन महिलाओं को ना तो आयरन की टेबलेट मिल रही है और ना ही खून बढ़ाने की अन्य दवाएं और तो और इन महिलाओं को हिमोग्लोबिन बढ़ाने के संबंध में जागरूक भी नहीं किया जा रहा है जिसके चलते प्रसव के समय जब यह महिलाएं अस्पताल में आती हैं तो उन्हें हीमोग्लोबिन की कमी के चलते रैफर होना पड़ता है ,वही प्रतिदिन अस्पताल की ओपीडी में भी सामान्य तौर पर रोजाना 50 से अधिक महिलाएं आती हैं जिनमें से लगभग 25 महिलाएं और बच्चियां हीमोग्लोबिन की कमी से बीमारियों का शिकार होती है जिनको चिकित्सकों द्वारा आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगवाने पड़ रहे है, सिविल अस्पताल मैं मौजूद नर्स ने बताया कि महिलाओं में खून की कमी इतनी मिल रही है कि अनेक महिलाओं को तीन तीन चार चार दिन आयरन के इंजेक्शन बोतल के जरिए देने पड़ रहे हैं।।आयरन की कमी से यह होती है परेशानी।।। आयरन के कारण ही शरीर के रक्त में कार्य की क्षमता व रक्त में लालिमा आती है वही लोह तत्व की कमी होने से रक्ताल्पता अथवा रक्त में स्थित रक्त कणों की कमी हो जाती है जिससे हीमोग्लोबिन कम होने से जल्द ही थकावट होने लगती है इसके साथ-साथ अनेक बीमारियां भी घेर लेती हैं हालांकि महिलाओं व युवतियों में खून की कमी ना हो इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर शिविर लगाकर मरीजों को दवाइयां सहित अन्य सलाह दी जाती है इसके बाद भी यह समस्या दूर नहीं हो पा रही है।।। अंबाह पोरसा से प्रतिदिन रैपर होती हैं चार से पांच महिलाएं।। महिलाओं में औसतन11 से 12 ग्राम हीमोग्लोबिन होना चाहिए लेकिन सिविल अस्पताल में प्रसव के समय आ रही कुछ महिलाओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा 5 से 7 ग्राम के बीच ही मिल रही है जिससे प्रसव के दौरान उनकी जान को खतरा बढ़ जाता है मजबूरी में अस्पताल की नर्सों को गर्भवती महिलाओं को मुरैना रैफर करना पड़ रहा है डॉक्टर पीपी शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन पोरसा अस्पताल से दो या तीन इसी तरह अंबाह से दो या तीन महिलाओं को रेफर करना पड़ता है अगर समय रहते महिलाएं हिमोग्लोबिन के प्रति जागरूक हो जाये तो उनका प्रसव आसानी से स्थानीय सिविल अस्पताल में ही हो सकता है।।। शिविर में दवाएं व सलाह देने के बाद भी महिलाओं व युवतियों में खून की कमी।।। महिलाओं में खून की कमी ना हो इसलिए किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की जांच कर उनके इलाज के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर शिविर आयोजित किए जाते रहते हैं शिविर के दौरान भी अनेक महिलाओं और किशोरियों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती रही है जिसके लिए उन्हें मौके पर उपचार दिया जाता है बाद में आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम पर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर उनकी जानकारी लेकर उनको आयरन की गोलियां बांटने के साथ ही खान-पान के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी हैं उसके बावजूद भी हीमोग्लोबिन की कमी से प्रभावित आंकड़ा कम नहीं हो पा रहा है जिससे लगता है कि यह अभियान मात्र कागजो पर चल रहा है।। सलाह।। हरी सब्जियों और फलों का करें सेवन।। डॉक्टर पी पी शर्मा का कहना है कि हरी सब्जी पालक बथुआ मेथी गाजर सरसों का साग व चुकंदर व फलों में अंगूर अनार आदि के सेवन से शरीर को गर्मी प्रदान करने के साथ ही पर्याप्त मात्रा में हिमोग्लोबिन मिलता है इसके अलावा शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है इसलिए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए इन फलों और सब्जियों का प्रयोग करना चाहिए।।यह दो केस ।। लेन रोड निवासी भानु की पत्नी कोयल को कई दिनों से थकावट महसूस होने के साथ-साथ अन्य परेशानी महसूस हो रही थी शनिवार को जब वह अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा तो जांच के दौरान नर्सों ने उसका हीमोग्लोबिन चेक किया तो पता चला कि उसका हीमोग्लोबिन स्तर 7 है जिसके चलते उसे इलाज के लिए मुरैना जाना पड़ा ।।केस दो ।।उसेद रोड़ की रहने वाली आरती पत्नी वीरेंद्र को 4 दिन पूर्व डिलीवरी के लिए अस्पताल लाया गया तो पता चला की आरती में खून की कमी हैं जिसके चलते उसे भी प्रसव के लिए मुरैना रेफर किया गया ।।।

जल्द प्रारंभ होगी ब्लड स्टोरेज यूनिट आशा कार्यकर्ताओं सहित जिम्मेदारों को किया जाएगा निर्देशित।। महिलाओं में खून की कमी ना हो इसके लिए समय-समय पर शिविर लगाकर महिलाओं को आयरन और अन्य दवाएं देने के साथ-साथ काउंसलिंग भी कराई जाती है उसके बावजूद भी महिलाओं में खून की कमी हो रही है यदि एएनएम,व आशा कार्यकर्ता इस मामले में सही कार्य नहीं कर रही तो इस बारे में जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी इसके साथ ही अस्पताल में बंद ब्लड स्टोरेज यूनिट के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है शीघ्र ही उसे प्रारंभ कराया जाएगा।। डॉ डीएस यादव बीएमओ अंबाह

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा समस्या निवारण हेतु तहसीलदार को दिया गया ज्ञापन

संतोष सिंह भदौरिया रिपोर्टर

**गोरमी /** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ इकाई गोरमी द्वारा शिक्षको की लंबित समस्याये



जिले मे कमी ,संकुलो मे लंबित वेतन भुगतान, छटवे /सातवे वेतनमान के एरियर, शिक्षा विभाग मे शेष शिक्षको का संबिलयन ,पुरानी पेंशन आदि के निराकरण हेतु तहसीलदार गोरमी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया और सूचना दी कि 7 दिवस मे समस्याओ का निराकरण नही हुआ तो संघटन को आंदोलन हेतु वाद्य होना पढेगा । इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष रामसिंह दोहरे, रमाशंकर धाकरे,कुसुम कान्त पाराशर ,राकेश शर्मा ,ज्ञानसिंह राजपूत, राहुल तिवारी, अखलेश सरल, मायाराम पावक आदि उपस्थित रहे ।

# लोकडाउन के चलते कर्जा मैं डूबे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की परिवार में छाया मातम

रिपोर्टर खेरागढ़:- राजकुमार राजपूत

थाना जगनेर गांव वरिगमा बुजुर्ग कर्जा के चलते युवक ने डिप्रेशन में आकर फांसी लगा ली मृतक युवक के परिवार में छाया मातम, युवक पर दो छोटे छोटे बच्चे है। मृतक युवक के दोनों ही बच्चे कुपोषण के शिकार है।जगनेर के गाँव वरिगमा बुजुर्ग रहने बाले युवक राकेश पुत्र राधेश्याम 32 बर्ष ने मंगलवार की देरशाम को खेत पर जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शाम को खेत की ओर गए ग्रामीणों ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। जिसमे मृतक राकेश के घर मे कोहराम मच गया। राकेश के चाचा व वरिगमा बुजुर्ग के प्रधान केशव



देव ने बताया कि राकेश भीलभाड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान की एक धागा फैक्ट्री में काम करता था। कोरोना काल मे फैक्ट्री बंद होने से बह अपने गाँव वरिगमा बुजुर्ग आ गया था। जिसमे मृतक राकेश की 4 बर्ष पूर्व शादी हुई थी। जिससे कि राकेश पर एक लड़का ललित 4 बर्ष व एक लड़की श्रष्ठी 1 बर्ष है जो कि दोनों ही बच्चे कुपोषण के शिकार के चलते दिव्यांग है। इनका भी राकेश प्राइवेट अस्पतालों में जाकर उपचार कराता था। केशवदेव ने बताया कि मृतक राकेश के 4 भाई और है, सभी अलग अलग रहते है। राकेश के पास केवल 1 बीघा खेत है। लोकडाउन के चलते राकेश पर कर्ज काफी हो गया था। रविवार की शाम राकेश ग्राम प्रधान केशवदेव से मिलकर राशन के लिए 1 हजार लेकर आया था। केशव देव के अनुसार राकेश पैसो की किल्लत व बच्चों की बजह से डिप्रेशन में चल रहा था। वही राकेश ने मंगलवार देरशाम अपने खेत मे जाकर पेड़ से फाँसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली, राकेश की मौत से परिवार व गाँव में मातम छाया हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस। थाना जगनेर के थानाध्यक्ष कुशलपाल सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

## बंगरा बना मौरंग का हब,ओवरलोड़ ट्रकों से होती चार हज़ार की वसूली

पुष्पांजली टुडे माधौगढ़-

ईमानदार योगी के भृष्ट नुमाईंदे सरकार की छीछालेदर कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वैसे तो माधौगढ़ क्षेत्र का बंगरा काफी समय से अवैध रूप से मौरंग ट्रकों के निकलने का हब बन चुका है,लेकिन जब इस काले धंधे में पुलिस की संलिप्तता



बढ़ जाये तो भृष्टाचार का पैमाना खूब बढ़ता है। यही कारण है कि बंगरा से निकलने वाले ओवरलोड़ मौरंग ट्रकों से खूब वसूली की जा रही है। और इस रोज की एंट्री में पूरा नेटवर्क है जो बंगरा चौकी की पुलिस से लेकर जालौन से होते हुए औरैया सीमा तक फल-फूल रहा है। हैरानी तो तब होती है,जब इस अवैध मौरंग के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने वाले को ही कानून के रखवालों द्वारा उत्पीड़ित किया जाता है। जनपद की मौरंग खदाने बंद हो जाती हैं तो मप्र से मौरंग का व्यापार चरम पर होता है। प्रतिदिन कई दर्जन ट्रक,ट्रेक्टर अवैध और ओवरलोड़ तरीके से बंगरा होते हुए औरैया की ओर जाते हैं। हालांकि ट्रेक्टर लोकल में ही अपना व्यापार करते हैं,जिसके लिए उनसे पांच सौ रुपया प्रति चक्कर लिया जाता है तो ट्रकों के लिए पंद्रह सौ से लेकर 4 हज़ार तक बंगरा में वसूला जाता है। वाकायदा पुलिस की मौजूदगी में प्राइवेट लोग ट्रकों से वसूली करते हैं। फ़िलहाल नवागंतुक कोतवाल बीएल यादव जिले के प्रसिद्ध खनन क्षेत्र से आये हैं,जिन्हें मौरंग के इस गोरखधंधे का पर्याप्त अंदाजा है। देखने वाली बात है कि इस मौरंग और इंट्री तिकड़म को नए कोतवाल कैसे रोकते हैं ?

# महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत मेट परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया

पाली=नेनाराम सिरवी=महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत मेड परीक्षण शिविर का आयोजन रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत किरवा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में किया गया/जिसमें रानी पंचायत समिति अतिरिक्त विकास अधिकारी हीरालाल मीणा द्वारा संपूर्ण मेट आवेदकों को नरेगा कार्य विधि के बारे में जानकारी दी/जिसमें जीटीए रानी मोहित त्रिवेदी जीटीए रानी बिंजा राम मोबारसा ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कीरवा बिंदु लखावत ग्राम सहायक रोजगार सचिव ग्राम पंचायतचाचोडी भगवान लाल बामणिया सहित आदि प्रशासनिक अधिकारी नेट परीक्षा शिविर में मौजूद रहे/भगवान लाल बामनिया द्वारा बताया गया कि नरेगा मेट परीक्षण शिविर 5 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत लगाया गया जिसमें ग्राम पंचायत बालराई/ चाचोडी/ किरवा/मांडल/ इटनड्रारा चारणान/की ग्राम पंचायतों के अंतर्गत सभी नरेगा मेट आवेदकों को पंचायत समिति रानी अतिरिक्त विकास अधिकारी द्वारा नरेगा



कार्य विधि के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए/ग्राम पंचायत कीरवा के सरपंच प्रतिनिधि भूराराम सिरवी द्वारा बताया गया कि आज सभी पांचों ग्राम पंचायतों के मेट आवेदकों ने शिविर में हिस्सा लिया/जिसमें महिलाएं और पुरुष शिक्षण योग्यता के अनुसार अपने-अपने आवेदक जमा करवा कर आज इस शिविर में हिस्सा लिया/ग्राम पंचायतचाचोडी=के मेट परीक्षण में मंजू बामणिया बदामी मेघवाल लक्ष्मण मेघवाल भंवर सिंह राजपुरोहित प्रवीण सिंह राजपुरोहित गोविंद वाघेला सहित सभी पूर्व नरेगा मेट इस शिविर में उपस्थित रहे और नरेगा कार्य संबंधित आपसे जानकारी ली/मेट परीक्षण में भंवर लाल मीणा रेखा सिरवी सहित कई आवेदक इस शिविर में भी मौजूद रहे भगवान लाल बामनिया द्वारा बताया गया कि आज मेट परीक्षण शिविर के आयोजन में सभी आवेदकों को मनरेगा कार्य विधि का संपूर्ण विवरण अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति रानी द्वारा बताया गया

### प्रत्येक पांच ग्राम पंचायतों पर एक उद्यानिकी मित्र कौशल विकास से प्रशिक्षित युवा कृषकों को

## उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्कण विभाग स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा

विकास त्रिपाठी भिंड

भिण्ड /उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण ( स्वतंत्र प्रभार) तथा नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि कौशल विकास से प्रशिक्षित युवा कृषकों को स्व-रोजगार की दिशा में ले जाया जायेगा। विभाग की विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित कर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिये विभाग महती भूमिका निभाएगा। राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने मंत्रालय स्थित कार्यालय में खाद्य प्रसंस्करण, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव भी बैठक में उपस्थित थीं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि कौशल विकास के साथ समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह में कार्य योजना बनाई जाये। उन्होंने कहा कि फल, सब्जी, के उत्पादन, विपणन और फूड प्रोसेसिंग के व्यवसाय को स्थापित करने पर बहुत बड़े वर्ग खासतौर पर ग्रामीण अंचल के छोटे, लघु सीमांत कृषक परिवारों के युवाओं को खुद के रोजगार के साथ अन्य को रोजगार देने की व्यापक संभावनाएं मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवा कृषक फल, फूल ,सब्जी के उन्नत उत्पादन और

***राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने विभागीय समीक्षा में दिए निर्देश***

प्रोसेसिंग का व्यवसाय अपना सके इसके लिए विभाग की योजनाओं में कोसल विकास से प्रशिक्षित युवा कृषकों को प्राथमिकता मिले। योजना में ऐसे सभी प्रावधान शामिल किए जाए। राज्यमंत्री श्री कुशवाह ने एक जिला एक उत्पाद की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के जिस जिले में जिस फल, सब्जी, फसल का उत्पादन, पैदावार अधिकता में होती हैं जैसे बुरहानपुर में केला की पैदावार होती हैं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी विभाग प्रदेश के हर किसान से जो उद्यानिकी फसलों के पैदावार से जुड़ा है उससे सीधा संपर्क स्थापित करे। इसके लिए ऐसे किसानों का पंजीयन कर डेटा बेस तैयार किया जाये।

## अपनों ने अपने घर को लूटा- कवि महेंद्र भट्ट

अखिल भारतीय ऑनलाइन कवि सम्मेलन सम्पन्न

**शिवपुरी(अर्पित गुप्ता)।** भारतीय साहित्य सृजन संस्थान शिवपुरी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ऑनलाइन कवि सम्मेलन में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान,पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और मध्यप्रदेश के 21 कवियों ने भागीदारी कर 245 रचनाकारों की उपस्थिति में अपनी उत्कृष्ट रचनाओं की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया । संस्थान के अध्यक्ष शिवपुरी के वरिष्ठ साहित्यकार इंजी.अवधेश सक्सेना ने माँ शारदा को नमन कर सरस्वती वंदना की- ÷ माँ शारदे देवी सुनो ये, वंदना जो गा रहे, हे ज्ञान की देवी तुम्हीं से, ज्ञान को हम पा रहे÷ उन्होंने सभी रचनाकारों का स्वागत किया । कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए ग्वालियर के महेंद्र भट्ट ने अपनी कविता सुनाई ÷ अपनों ने अपने घर को लूटा, शहर वालों ने शहर को लूटा÷ जयपुर के वरिष्ठ कवि राम किशोर वर्मा की प्रस्तुति ÷भारत माँ भी माँ होती है, जो हमको सब कुछ देती है÷ भवानी मंडी राजस्थान के डॉ राजेश कुमार शर्मा पुरोहित ने अपना प्यार बाँटते हुए सुनाया ÷ मैं दीप हूँ जलता रहूँगा, प्यार बाँटता आया हूँ, प्यार बाँटता रहूँगा ÷ इंदौर की श्रीमती अलका जैन ने सुनाया ÷ अंकित होंगे मेरे लहू से बर्वादी के अफसाने ÷ पटियाला की सरिता नोहरिया ने तन्हाई के वारे में कहा ÷ मैं तन्हा भी होती हूँ तो तन्हा नहीं होती, मेरे साथ साथ होती हैं तुम्हारी आँखें÷ करेरा के डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने मन की बात की ÷ मन ही शैतान बन जाता है।



# लॉकडाइन में भी नहीं रुक रहा रेत का अवैध खनन

**शिवपुरी/** जिले मेंकोरोना वायरस कोविड-19 वैश्विक महामारी के चलते जिले में नहीं रुक रहा रेत खनन का काम लेकिन जिले में लॉकडाउन का फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं। जिले में लॉकडाउन के बाद भी अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन करने वाले रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। दिनारा से 15 किमी दूर छितीपुर गांव में रेत का खनन धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन इसे अधिकारियों को डर कहे या फिर उनकी सांठगांठ की सबकुछ पता होने के बाद भी उन तक जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते और न ही कार्रवाई करते है। ऐसा नहीं है कि इस मामले की जानकारी अधिकारियों और पुलिस को नहीं है, लेकिन अभी तक इस अवैध खनन के खिलाफ न तो खनिज विभाग और न ही राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा



कोई बड़ी कार्रवाई की गई है।करैरा तहसील के ग्राम छितीपुर गांव में ग्रामीणों के आवागमन के लिए सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन कुरौल छितीपुर के बीच नदी से रेत का अवैध खनन करने वाले रेत माफियाओं ने गांव के लिए बनी सड़क को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है और इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध रेत खनन ने उसके गांव की सड़क को पूरी तरह से बेकार कर दिया है। अब ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है पुलिस की लगातार क्षेत्र में कार्रवाई के बाद भी रेत के अवैध परिवहन पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों अवैध रेत के डंपर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिन पर लगाम नहीं लग सकी है। रेत माफिया प्रशासन को धता बताते हुए रेत के खनन व प्रतिबंध के बाद भी परिवहन कर रहे हैं।क्षेत्र में दिन मे ट्रैक्टरों द्वारा रेत निकाली जाती है और फिर रात में जेसीबी मशीन से डंपर भरवाए जाते हैं

रिपोर्टर पुष्पेन्द्र राजपूत
दिनारा शिवपुरी

## जलभराव की समस्या का समाधान तुरंत प्रभाव से किया जा रहा

पाली=नेनाराम सिरवी==पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोडावास ग्राम पंचायत द्वारा चलाया जा रहा है अभियान के तहत जलभराव की समस्या का समाधान किया जा रहा /सोडावास ग्राम पंचायत के सरपंच राधा देवी सिरवी द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में ग्राम पंचायत के अंतर्गत सभी सहायक गांवों कि जलभराव की समस्या का समाधान किया जा रहा /सोडावास से ग्रामसापुनी तक रोड का कार्य भी शुरू करवाया गया/जिसमें सरकार द्वारा प्रस्तावित रोड पर जिगरा डलवाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा/ग्राम पंचायत के सभी सहायक गांवों में जलभराव की समस्या के सर्वे के अनुसार गांवों में जलभराव की समस्या का समाधान किया जा रहा /सिरवी



द्वारा बताया गया कि विश्वव्यापी महामारी के चलते ग्राम पंचायत के अंतर्गत प्रवासी राज्यों से आए हुए हर परिवार को नरेगा योजना के अंतर्गत सभी परिवार को रोजगार दिया जा रहा /महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत के सभी संबंधित सहायक गांवों में कोविड-19 की भयंकर महामारी को देखकर सोशल डिस्टेंस के अनुसार कार्य करवाया जा रहा ।

# नगर परिषद तथा राजस्व विभाग ने फिर की पैमाइस व्यापारियो में मचा हड़कम्प

## पाँच महीने पहले तोड़े गये थे मकान और दुकाने

दबोह(मोहित गोस्वामी)

नगर में आज उस समय हड़कम्प मच गया जब दबोह नगर परिषद और राजस्व बिभाग की टीम मैन बाजार में दूसरी बार नाप करने पहुची जैसे ही कर्मचारियो ने नाप शुरू की बैसे ही कर्मचारियो को व्यपारियो का विरोध झेलना पड़ा व्यापारियो ने अधिकारियों से किस आदेश के तहत नाप की जा रही है उस आदेश को दिखाने की मांग की तो अधिकारी महोदय उक्त स्थान से चुप्पी साध कर आगे बढ़ते नजर आए यहां बता दे कि अभी पाँच महीने पहले नगर परिषद तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों ने नगर के बाजार से अतिक्रमण हटाने के नाम पर लोगो के रिहायशी मकान व दुकानों को तोड़ दिया था जिससे कई लोग बेरोजगार हो गये थे तथा कई लोग अपना मकान छोड़ कर किराए के मकान में रहने लगे थे जब प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद लोग उक्त जगह को छोड़कर पीछे हटकर मकान या दुकान बना कर रहने या दुकानदारी करने लगे तो अब प्रशासनिक अधिकारी दोबारा फिर से उक्त स्थान पर पैमाइश कर उस पीछे की जगह को भी अतिक्रमण में बताने लगे है प्रशासन के इस कार्य से प्रशासनिक अधिकारियों पर कई प्रशन खड़े करते है,यही प्रशन पैमाइस करने पहुँचे अधिकारीयो से जब व्यापारियो ने पूछे तो अधिकारी चुपचाप वहाँ से लौट गये है। पाँच महीने पहले दिसम्बर में प्रशासन ने जो नाप की थी तो अधिकांशत~ लोगो ने उतनी जगह छोड़ कर अपनी दुकानें,मकान फिर से बनाना शुरू कर दिया था जैसे ही लोगो के मकान और दूकान बन कर तैयार हुए बैसे ही नगर परिषद तथा राजस्व विभाग के अधिकारी नाप करने के लिए आ धमके और पूर्व में की गई नाप से हटकर और आगे निशान लगा दिये जिससे लोगो का गुस्सा सात वे आसमान पर पहुच गया आखिरकार सवाल इस बात का है कि यदि पूर्व में की गई नाप सही थी तो अब नाप कैसे बदल गई..? नगर परिषद किस के इशारे पर यह काम कर रही है..? पाँच महीने पूर्व दिसम्बर में तोड़े गये मकान और दुकान को लोग अभी बना भी नही पाये थे की प्रशासन ने दुबारा नाप करने के बहाने से फिर लोगो के मकानों, दुकानों के अंदर तक अपना फीता रख दिया जिससे लोगो के होश उड़ गए यहां बता दे की पूर्व में तोड़े गये मकानों,दुकानों के मालिको ने कोर्ट की शरण ली थी जहाँ आज भी मामला विचाराधीन है जन चर्चा है कि इसी को लेकर प्रशासन व्यापारियो पर अपना दबाब बना रहा हो जिससे व्यापारी उक्त मामले को कोर्ट से वापस ले ले या फिर राजीनामा कर ले इस बात में कितनी हकीकत है यह तो समय ही बता पायेगा। नगर परिषद दबोह आज पाँच साल के बाद भी मैन रोड के दोनों तरफ नाले का सीमांकन नही कर पायी जब की जिस कम्पनी के पास नाले बनाने का टेंडर है वह कई बार नगर परिषद के चक्कर लगा चुकी है परंतु नगर परिषद हर बार उनको बहाना बना कर टाल देती है यही कारण है कि आज तक नगर में नाले का निर्माण नही हो पाया है यदि नगर परिषद ने समय सीमा में नाले का सीमांकन कर दिया होता तो आज लोग अपने मकान,दुकाने बना लेते पर प्रशासन ने ऐसा नही किया इससे यह स्पष्ट नजर आता है कि प्रशासन नगरीय विकास को रोकने व व्यापारियो को परेशान करने के मूड में है उक्त मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम आर.ए प्रजापति ने दबोह पहुँच कर परेशान व्यापारियो बन्धुओं से बात की तो व्यापरियो ने एसडीएम महोदय से भी बही प्रश्न किये लोगो की हड़बड़ी व प्रश्नों को सुनकर एसडीएम महोदय ने आश्वासन देते हुये कहा कि आप लोग परेशान न हो चिंता की कोई बात नही है पूर्व में क्या हुआ मुझे पता नही परंतु अब मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि आंगे मैं आपके साथ गलत नही होने दूँगा।



### इनका कहना है

पहले क्या हुआ वो मुझे पता नही है अभी राजस्व,नगर पालिक और ह्॥ढ़ तीनो विभाग मिलकर शासकीय नक्से में जो रोड है उसको नाप कर के ही चिन्ह लगाया गया है नाले के सीमांकन के बारे में मुझे कोई जानकारी नही है आपने बताया है सीएमओ से बात कर निर्देशित कर दूंगा

**आर.ए.प्रजापति**
**(अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार)**

# सिंचाई और पेयजल के लिए महत्वपूर्ण है केन बेतवा लिंक परियोजना - मुख्यमंत्री चौहान

## परियोजना की शीघ्र पूर्णता के लिए प्रधानमंत्री से भेंट करेंगे मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना प्रदेश के पिछड़े और सूखाग्रस्त क्षेत्रों को सिंचित करने और पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वाकांक्षी योजना है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के अनुक्रम में विकसित की गई इस परियोजना से मध्यप्रदेश में 6 लाख 53 हजार हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में बेहतर सिंचाई संभव होगी। श्री चौहान ने कहा कि परियोजना की शीघ्र पूर्णता के लिये वे जल्द ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर उनकी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से आज दूरभाष पर चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह शीघ्र मध्य प्रदेश आएंगे तथा यहां के जल संसाधन मंत्री से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा बैठक में सम्मिलित हुए। मुख्य सचिव



श्री इकबाल सिंह बैंस तथा संबंधित अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि परियोजना के संबंध में अगस्त 2005 में एम.ओ.यू. हुआ था। इसके तहत 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार व्यय करेगी। राज्य सरकार का हिस्सा 10 प्रतिशत रहेगा। केन बेसिन में 4.47 लाख हेक्टेयर मध्यप्रदेश का तथा 2.27 लाख हेक्टेयर उत्तरप्रदेश का कृषि योग्य सिंचित क्षेत्र लाभन्वित होगा। बेतवा बेसिन से मध्यप्रदेश के 2 लाख 6 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। परियोजना से उत्पन्न होने वाली बिजली का संपूर्ण उपयोग मध्यप्रदेश द्वारा किया जाएगा। परियोजना की कुल लागत 35 हजार 111 करोड़ रूपये आंकलित की गई है। एम.ओ.यू. द्वारा उत्तरप्रदेश को केन कछार से 1700 मिलियन घन मीटर पानी आवंटित किया गया है जिस पर दोनों राज्यों की सहमति थी। इसमें रबी सीजन के लिए 547 मिलियन घन मीटर तथा खरीफ सीजन में 1153 मिलियन घन मीटर जल का आवंटन होना था, परंतु उत्तर प्रदेश द्वारा बाद में पानी की मांग बढ़ा दी गई। भारत सरकार द्वारा परियोजना के सीजनल जल आवंटन के लिए अप्रैल 2018 में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश द्वारा रबी सीजन में सिंचाई एवं पीने के पानी के लिए बांध से 547 मिलियन घन मीटर के स्थान पर 700 मिलियन घन मीटर पानी उत्तर प्रदेश को आवंटित करने पर सहमति दी गई। लेकिन केंद्र द्वारा उत्तरप्रदेश को 788 मिलियन घन मीटर पानी आवंटित किया गया। उत्तरप्रदेश द्वारा जुलाई 2019 में पुन: मांग बढ़ा कर 930 मिलियन घन मीटर आवंटन का अनुरोध किया गया है। भारत सरकार द्वारा नवंबर से मई तक की जल आवश्यकता की तर्कसंगता जांचने का दायित्व राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट को उत्तरप्रदेश के जल संसाधन मंत्री से बातचीत कर परियोजना की शीघ्र पूर्णता के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

# प्रदेश में अब हर गरीब को मिलेगा उचित मूल्य राशन



### वन नेशन वन-राशन कार्ड की बैठक में मुख्यमंत्री चौहान ने लिया बड़ा निर्णय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के गरीब वर्ग के व्यक्तियों के हित में बड़ा निर्णय लिया है, जिसके अनुसार प्रदेश के ऐसे 36 लाख 86 हजार 856 गरीब जिनके पास राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्रता पर्ची नहीं है, उन्हें भी पात्रता पर्ची जारी कर उचित मूल्य राशन प्रदाय किया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में 5 करोड़ 44 लाख 24 हजार उचित मूल्य उपभोक्ता हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रालय में %वन नेशन-राशन कार्ड% संबंधी बैठक में कहा कि प्रदेश में अब हरेक गरीब को उचित मूल्य राशन मिलेगा। कोरोना काल में पता चला कि प्रदेश में बहुत से ऐसे गरीब हैं जिनके पास पात्रता पर्ची नहीं होने से उचित मूल्य राशन नहीं मिल रहा था। पहले तो प्रदेश में तुरंत उनके राशन की व्यवस्था की गई, साथ ही प्रवासी मजदूरों के लिए भी राशन की व्यवस्था की गई। अब ऐसे सभी 36 लाख 86 हजार गरीबों की पहचान कर ली गई है तथा उन्हें पात्रता पर्ची जारी करने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। अब ये सभी उचित मूल्य राशन उपभोक्ताओं के रूप में पंजीकृत हो जाएंगे तथा इन्हें अगस्त माह से उचित मूल्य राशन मिल सकेगा। प्रदेश की धरती पर कोई भी गरीब उचित मूल्य राशन से वंचित नहीं रहेगा।खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी 25 हजार 490 उचित मूल्य दुकानों पर पीओएस मशीनों पर आधार दर्ज करने की सुविधा है। त्रुटिपूर्ण एवं अन्य के दर्ज आधार नंबर में संशोधन की सुविधा भी पीओएस में है। विक्रेता द्वारा राशन वितरण करते समय एवं घर-घर जाकर आधार सीडिंग का कार्य किया जा रहा है। समग्र पोर्टल पर स्थानीय निकाय द्वारा भी आधार सीडिंग की सुविधा है। जिन हितग्राहियों का आधार पंजीयन नहीं है, उनको पंजीयन कराने के लिये अवगत कराया जा रहा है। मुख्य सचिव श्री बैंस ने कहा कि वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए सभी उचित मूल्य हितग्राहियों की आधार सीडिंग का कार्य अभियान चलाकर पूरा किया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों को जोड़े जाने एवं पात्रता पर्ची वितरण का कार्य तत्परता के साथ किया जाए। प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को अंतर राज्यीय पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्रदाय किया जाना है। इसके अंतर्गत उचित मूल्य दुकान का 100 प्रतिशत आटोमेशन तथा 100 प्रतिशत आधार सीडिंग की जानी है। इसकी समय-सीमा 31 दिसंबर तक है।

## आयुष मंत्री कांवरे द्वारा आयुर्वेद चिकित्सालय एवं कार्यालय का औचक निरीक्षण

**भोपाल।** आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामकिशोर कांवरे ने गुरूवार को भोपाल में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के साथ ही आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड के कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कमियाँ पाये जाने पर मंत्री श्री कांवरे ने बोर्ड की प्रभारी रजिस्ट्रार डॉ. नीता सिंह को हटाने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुपालन में सचिव आयुष डॉ. एम.के. अग्रवाल द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह को प्रभारी रजिस्ट्रार के पद से मुक्त करते हुए उन्हें मूल पद-स्थापना स्थान पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, भोपाल में तत्काल प्रभाव से पदस्थ कर दिया गया है। श्री कांवरे ने शिवाजी नगर स्थित जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में भर्ती और ओपीडी में उपस्थित रोगियों से बात की। एक महिला रोगी द्वारा यह बताये जाने पर कि कुछ दवाइयाँ अस्पताल से मिलती हैं कुछ बाजार से खरीदते हैं। इस पर आयुष मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को सभी दवाएँ अस्पताल से ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने विद्युत उपकेंद्र सूखी सेवनिया का किया आकस्मिक निरीक्षण

**भोपाल ।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 400 केवी उपकेंद्र सूखी सेवनिया भोपाल का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री तोमर ने उप केंद्र के कंट्रोल रूम का तापमान मेंटेन नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे कोई दुर्घटना घट सकती है। श्री



तोमर ने संबंधित अधिकारी को फोन कर व्यवस्थाएं ठीक करने और इस तरह की लापरवाही की जांच के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने केंद्र के टीन शेड की मरम्मत करवाने और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उप केंद्र के संचालन के संबंध में जानकारी ली।

# जून 2019 की तुलना में जून 2020 में सड़क दुर्घटनाओं में 20 प्रतिशत की कमी आई

**भोपाल।** प्रदेश में जून 2019 की तुलना में जून 2020 में सड़क दुर्घटनाओं में 20.60 प्रतिशत की कमी आई है। गत वर्ष जून में 4 हजार 582 सड़क दुर्घटनाएँ हुईं थीं। इसकी तुलना में इस वर्ष 944 दुर्घटनाओं की कमी के साथ 3 हजार 638 सडक दुर्घटनाएँ हुईं। घायलों की संख्या में भी 24.28 प्रतिशत की कमी आई। गत वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 4 हजार 712 लोग घायल हुए थे, जबकि इस वर्ष कुल 3 हजार 568 लोग घायल हुए। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में घायलों की संख्या में 1144 की कमी हुई है। मृतकों की संख्या में भी 3.46 प्रतिशत की कमी रही। स्पेशल डीजी, पीटीआरआई श्री महान भारत सागर ने यह जानकारी गुरूवार को राज्य सड़क सुरक्षा क्रियान्वयन समिति की बैठक की

### थानों को रखनी होगी क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट्स की सम्पूर्ण जानकारी

अध्यक्षता करते हुए दी। श्री सागर ने निर्देश दिये कि प्रदेश के सभी थाने अपने क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट्स क्षेत्र का डाटा हमेशा तैयार रखें। ब्लैक स्पॉट्स की समय-समय पर जानकारी लेते रहें। ऐसे स्थानों पर किये जा रहे रख-रखाव कार्य का ऑडिट थर्ड पार्टी द्वारा किया जाये। उन्होंने सड़कों पर आवागमन समय कम करने के लिये डाटा एकत्र करने के भी निर्देश दिये। बैठक में प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये विभिन्न विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक श्री प्रशांत शर्मा, श्री बी.पी. बिरदे, सहित लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन, परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क विकास प्राधिकरण आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## सार्वजनिक रूप से नहीं मनेगी राखी और ईद

**भोपाल।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इस वर्ष रक्षाबंधन और ईद-उल-जुहा का त्यौहार सार्वजनिक रूप से नहीं मनाया जा सकेगा। चिकित्सा शिक्षा और गैस राहत मंत्री श्री विश्वास सारंग ने बताया कि धर्मगुरुओं से चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। हॉट स्पाट बन चुके भोपाल की नगर निगम सीमा में 24 जुलाई से 3 अगस्त तक पुन: लॉकडाउन लागू किया गया है। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि इस वर्ष राखी और ईद का त्यौहार परिवार के साथ घर पर ही मनाया जा सकेगा। सार्वजनिक स्थलों पर इन्हें मनाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कहीं यह त्यौहार मनाया जाता है, तो 5 लोगों से अधिक लोगों की उपस्थिति नहीं रहेगी। श्री सारंग ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान पेट्रोल पम्प, एलपीजी, मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। फैक्ट्री कार्यरत रहेंगी, परंतु फैक्ट्री मालिक के कोरोना सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ही श्रमिक काम करेंगे। पशु-पक्षी आहार की दुकानें सक्षम अधिकारी की अनुमति के बाद खुली रहेंगी। वहीं होटल, रेस्टॉरेंट, सिनेमा, धार्मिक स्थल बंद रहेंगे।

# भोपाल नगर निगम सीमा में ही रहेगा 10 दिवसीय लॉकडाउन

## मुख्यमंत्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 24 जुलाई रात्रि 8 बजे से भोपाल में लागू होने वाला 10 दिवसीय कंपलीट लॉकडाउन भोपाल नगर निगम सीमा में ही होगा। इस दौरान दवाओ, सब्जी, फल, दूध आदि अतिआवश्यक सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। गरीब वर्ग की सुविधा के लिए शासकीय उचित मूल्य की दुकानें खुली रहेंगी। सभी निजी कार्यालय एवं व्यापारिक संस्थान बंद रहेंगे। सभी उद्योग चालू रहेंगे तथा औद्योगिक क्षेत्रों में आने-जाने के लिए फैक्ट्री स्वामी द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए परिचय-पत्र मान्य किए जाएंगे। अति आवश्यक कार्य से भोपाल नगर-निगम की सीमाओं के अंदर-बाहर जाने के लिए ई-पास दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश



में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्र, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव गृह श्री एस.एन. मिश्रा, प्रमुख सचिव श्री फैज अहमद किदवई आदि उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान इंदौर से वी.सी. से शामिल हुए। अनूपपुर जिले की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कॉन्ट्रेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने तथा संक्रमण रोकने के सभी प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। बालाघाट को ग्रामीणक्षेत्रों में विशेष सतर्कता बतरने के लिए कहा गया। छतरपुर जिले के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को हटाने एवं वहां बेहतर व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिक संक्रमण वाले जिलों भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, खरगौन पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उज्जैन में भी अब मरीज बढ़ रहे हैं, वहां भी ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर में कोरोना संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण एवं मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट हुई है। इंदौर में अप्रैल माह में 138, मई में 72, जून में 64 तथा जुलाई में 18 कोरोना मृत्यु हुई हैं। इंदौर की केस स्टडी की जाए तथा वहां की बैस्ट प्रेक्टिसेस को अन्य जिलों में भी लागू करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड अस्पतालों में इलाज का बैस्ट प्रोटोकॉल फॉलो किया जा रहा है अथवा नहीं, इसकी मॉनीटरिंग के लिए कोविड अस्पतालों में जहां सी.सी.टी.वी. कैमरे नहीं है वहां सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जाएं। शहडोल जिले की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि वहां के मेडिकल कॉलेज को पूर्ण रूप से तैयार रखा जाए, जिससे कि वहां आसपास के कोविड मरीजों का अच्छा इलाज सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा ने निर्देश दिए कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र की जाए।

## हीजड़े घर बेटा जन्मा

शीर्षक - हींजड़े के घर बेटा जन्मा
विधा - व्यंग्य कविता

क्या? हाँ! सुनों!
संसद में एक बात चलाई
बिल्ली बनी अनोखी लुगाई
नहीं खाये वो दूध मलाई
मूते तो भी दूध तलाई
सबने उस में डुबकी लगाई
अंधेर नगरी धूम मचाई ।



विपक्षी बोले हैं झमेला भारी बड़ा
बात पता करो पर! पहरा कड़ा
उसके चाकरी में अजगर खड़ा
करके बिल चूहा धमक पड़ा
सब को बताया भर गया पापी घड़ा
फूट-फूट कर रो पड़ा
हुई एक सभा बड़ी भारी
करी घोषणा भैंसा अब के ब्यायेगा
272 बच्चे लाएगा
अपना दूध पिला आएगा
घी रोटी खिलाएगा

सत्ताधारी सिंह की गर्जन
ऊंगली दिखाई उसने तर्जन
बोला! भैसा ब्यायेगा एक दर्जन
पर है वो बड़ा दुर्जन।
गर्जन थी सिंह के वंश में,उपजे स्यार की
बात नहीं थी प्यार की न यार की

चली भारी उसने करतूतें
खड़ा-खड़ा सभा में मूते
देता सबको चाँदी के जूते
कहता भौंक रहे हैं कुत्ते
बिल्ली बनी लुगाई देखो
शौकीन बुढ़िया मलमल का लहंगा
कहती है वो मुझसे लेता पंगा
कर दो तुम वोट देकर उसको नंगा
मैं सोचती करती सबका चंगा

आया मैदान में भैंसा दहाड़ा
बोला! जिसकी जूती उसके सिर
खाती है वो रोज बनाकर खीर
बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम
कर दो अबके काम तमाम
अब के ब्याने की बारी आई
भैंसा 10 बच्चे ज्यादा लाई
पर! बिल्ली अब के कान कटाई
निकल गया साँप,पीटो लकीर
बिल्ली अबके बन गई फकीर
बोली! हीजड़े के घर बेटा जन्मा
अब छूट गया मेरा मूलमा !

संक्षिप्त परिचय- ज्ञानीचोर
शोधार्थी व कवि साहित्यकार
मु.पो. रघुनाथगढ़, सीकर राजस्थान।
मो. 9001321438

# महामारी में चुनाव जानबूझकर देशवासियों के जान जोखिम में डालना होगा

एक तरफ कोरोना संक्रमण अपने शबाब की ओर बढ़ रहा है दूसरी ओर बिहार विधान सभा का कार्यकाल नवंबर में समाप्त हो जाएगा।देश दुनिया के अन्य जगहों की तरह बिहार में भी कोरोनावायरस का संक्रमण बहुत तेजी से अपना पांव पसार रहा है। वर्तमान हालात यह है कि बिहार के शहरों से होकर कस्बों और गांवों में भी संक्रमण दस्तक देने लगा है। बिहार में प्रतिदिन संक्रमित लोगों का आंकड़ा तेजी से ऊपर जा रहा है।उस दौर में मजबूरी बताकर चुनाव की बात करना गुनाह से कम नहीं है। चुनाव आयोग और सत्ताधारी राजनीतिक दलों द्वारा यह बताया जा रहा है कि बिहार विधान सभा कार्यकाल समाप्ति से पहले चुनाव करवाना मजबूरी है।यह सब कोई जानता है कि कार्यकाल समाप्ति से पहले संवैधानिक रूप से विधानसभा चुनाव हो जाना चाहिए पर क्या यह चुनाव करोड़ों बिहार वासियों के जान की कीमत पर होगा ? इस सवाल का जवाब चुनाव आयोग और चुनाव के पक्षधर प्रत्येक राजनीतिक दलों एवं नेताओं को देना होगा।



आज जब पूरी दुनिया इस संक्रामक बीमारी से भयाक्रांत है और इससे निजात पाने के लिए किया जा रहा हर कोशिश फिलहाल नाकाम साबित हो रहा है। क्या विकसित क्या पिछड़े क्या सुविधा संपन्न क्या सुविधा विहीन राष्ट्र-राज्य एवं लोग सब के सब कोरोनावायरस के सामने बौने साबित हो रहे हैं।यहां तक की दुनिया में अपने आप को सुपर पावर समझने वाले राष्ट्र भी दिन रात मृत लोगों संख्या गिनने में ही व्यस्त हैं।उनकी सारी हेकड़ी कोरोना के सामने गुम हो गई है। इस महामारी ने साबित कर दिया है ÷वैश्वीकरण÷ दुनिया को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। इंसान अपने ही बुने हुए जाल और लालच में फंसकर छटपटाने लगा है। एक मुल्क में जन्म लेने वाला वायरस का दुष्प्रभाव वैश्विक आपदा साबित हो रहा है। दुनिया में इससे पहले भी कई संक्रामक बीमारियां जन्म लेती रही हैं और फैलती रही हैं पर उनका प्रभाव कभी भी वैश्विक नहीं हुआ था। इस बीमारी के फैलाव में वैश्विक स्तर पर लिए गए कुछ अविवेकपूर्ण निर्णयों ने इसे और भयावह बना दिया है।

जिस वक्त इस बीमारी के बारे में वैश्विक बिरादरी को पता चला उस समय दुनिया के ताकतवर राष्टों द्वारा बहुत ही लापरवाही का नमूना पेश किया गया। वे इस बीमारी के दुष्प्रभाव को कमतर आंकते हुए इससे बचाव के कदम उठाने की जगह एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने में लगे रहे। हद तो तब हो गई जब चीन में इस बीमारी ने आपदा का रूप ले लिया फिर भी भारत समेत दुनिया के अन्य राष्टों ने अपनी सीमाओं को बंद कर उस देश में मौजूद अपने लोगों को वहीं मेडिकल और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की जगह अपने देश के नागरिकों को जिनमें से कुछ संक्रमण के शिकार हो गए थे उनको भी जहाज में भर भर के अपने देश में लाना शुरू कर दिया।इसका दुष्परिणाम हुआ देश में भी संक्रमण धीरे-धीरे अपना रौद्र रूप धारण करने लगा।आज हर दिन देश में हजारों लोगों की मौत इसके वजह से हो रहा है। अगर उसी समय भारत समेत अन्य देश चेत जाते तो आज दुनिया को रोना नहीं पड़ता।

जहाजों से भर कर लाए गए प्रवासियों के वजह से ही इसका प्रसार वैश्विक हो गया। वही चीन जहां इस बीमारी का जन्म हुआ उसने कड़े कदम उठाते हुए इससे पूरी तरह से पार पाने के करीब पहुंच गया है या पार पा लिया है। अमेरिका इंग्लैंड स्पेन फ्रांस ब्राजील जैसे वैश्वीकरण के पैरोकार मुल्क इस बीमारी से कराह रहे हैं।उनकी गलतियों को भारत ने भी दोहराया अपने नागरिकों को प्रभावित देश में ही मेडिकल सुविधाएं देने की जगह उससे ज्यादा खर्च कर जहाजों में भर भर कर देश के कोने कोने तक पहुंचा कर कोरोना के दुष्प्रभाव झेलने के लिए देशवासियों को अभिशप्त कर दिया। यही नहीं भारत को भी जिस वक्त अपने देश में कोरोना संक्रमण के पहले मामले के बारे में पता लग चुका था।उस वक्त एहतियात बरतते हुए कड़े कदम उठाए जाते तो देश को इस बुरे दौर से गुजरना नहीं पड़ता। पर दुर्भाग्यवश देश के नेतृत्व अमेरिकी राष्ट्रपति की मेजबानी और देश में विपक्षी शासित राज्यों में अपनी सरकार बनाने को ना जाने क्यों ज्यादा जरूरी समझते रहा। स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की जगह राज्यों में सरकार की गिनती बढ़ाने में केंद्रीय नेतृत्व ज्यादा दिलचस्पी लेते रहा। आज भी केंद्रीय नेतृत्व के लिए राज्यों में सत्ता हासिल करना शायद पहली प्राथमिकता है। अगर बिहार में इस समय चुनाव करवाया जाता है तो कोरोना संक्रमण देशवासियों को जीना हराम कर देगा। यह चुनाव देशवासियों के लिए काल के समान होगा।क्योंकि बिहार देश का एक अनूठा राज्य है जहां चुनाव में आम जनों की भागीदारी सर्वाधिक होती है लोग इसे लोक पर्व की तरह देखते हैं।बिहार की सघन जनसंख्या भी चुनाव कराने की इजाजत नहीं देती। चुनाव करवाने के लिए लाखों कर्मचारियों,चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ-साथ नेताओं और मतदाताओं के लिए भयावह साबित होगा। हो सकता है चुनाव आयोग चुनाव प्रचार और रैलियों पर रोक लगाकर नियंत्रित तरीके से चुनाव करवाए। लेकिन कर्मचारियों के प्रशिक्षण से लेकर चुनाव करवाने तक लोग एक जगह से दूसरी जगह जाएंगे कई दूसरे राज्यों में रह रहे मतदाता मतदान करने के लिए बिहार आएंगे कई राज्यों की पुलिस बिहार में सेवा देने आएगी देश-विदेश के मीडिया कर्मी चुनाव कवर करने बिहार आएंगे बिहार समेत अन्य राज्यों के राजनीतिक पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता चुनाव प्रचार करने एवं लोगों को अपने पक्ष में करने के लिए एक जगह से दूसरी जगह दौरा करेंगे।इससे कोरोना जो अभी मुख्य रूप से शहरों में आतंक मचा रहा है गांव तक आसानी से पहुंच कर उत्पात मचाएगा।

राष्टीय जनता दल जोकि बिहार कि मुख्य विपक्षी पार्टी है इस चुनाव को आगे बढ़ाने की पुरजोर मांग कर रही है साथ ही कई अन्य राजनीतिक पार्टियां और बिहार समेत देश के बुद्धिजीवी वर्ग भी वर्तमान समय में चुनाव न करवाने के पक्ष में है। चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए बिहार और देशवासियों के व्यापक हित में इस चुनाव को जब तक सामान्य स्थिति कायम ना हो जाए तब तक टाल देना चाहिए और बिहार में सुचारू शासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति शासन समेत अन्य विकल्पों की तलाश करना चाहिए।

इससे पहले भी जब जब देश में असामान्य स्थिति उत्पन्न हुई है चुनाव को टाला गया है। समय की मांग है आज देश और बिहार जिस दौर से गुजर रहा है उसमें चुनाव की जगह स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर बीमारी की जांच के दायरे को बढ़ाने पर बीमारी से लड़ने के उपायों पर जनता के परेशानी को दूर करने के लिए रोजी रोजगार बढ़ाने के उपाय पर पहले ध्यान देने की जरूरत है।चुनाव तो आते जाते रहेंगे अगर लोग स्वस्थ और जीवित रहेंगे। चुनाव में जिस तरह से भारी धनराशि की जरूरत होती है उसे देखते हुए भी अभी चुनाव कराने का समय नहीं है।जिस राज्य और देश में सामान्य स्थिति कायम करने के लिए अपने कर्मचारियों के वेतन और सुविधाओं में कटौती करना पड़ रहा है चुनाव कराने का खर्च कहां से लाया जाएगा। यह भी एक मौजू विषय है। चुनाव कराने के निर्णय लेते समय इस पर भी ध्यान देना चाहिए। देश विदेश के तमाम रेटिंग एजेंसी भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोर हालात को हर दिन दिखा रहे हैं इसके मध्य नजर भी अभी देश में चुनाव कराने का उचित माहौल नजर नहीं आता। कोरोना संक्रमण की स्थिति और अर्थव्यवस्था की स्थिति सामान्य होने तक चुनाव को स्थगित कर देना चाहिए और राज्य और देश के नेतृत्व शासन प्रशासन को अपना पूरा ध्यान इन समस्याओं से पार पाने में लगाना चाहिए।

गोपेंद्र कु सिन्हा गौतम
सामाजिक और राजनीतिक चिंतक
देवदत्तपुर दाऊदनगर औरंगाबाद बिहार
9507341433

## परीक्षा परिणाम



आया है वर्ष भर का परीक्षा परिणाम
बहुत से छात्र - छात्राऐं हुए हैं
अव्वल
बधाई है उनको जो हुए हैं
अव्वल
किया है जिन्होने नगर और
परिवार
का नाम रोशन
तो वही कुछ ने कमाऐं है
कम नम्बर
तो कुछ ने सहा अनुत्तीर्ण होने का कष्ट
है बडी उत्पीड़न उन्हें जो कम लाए हैं नम्बर
आंका गया है उन्हें अव्वल छात्र - छात्राओं से
सुनाई गई हैं उन्हें खरी खोटी उनके माता-पिता से
न समझ पाए उन बच्चों के मन की पीडा कोई भी
जो मन ही मन हताश हुए बैठे हैं
बस नम्बर लाने की थी जो होङ
उसमें पीछे रह गए जो बच्चे
बस कुछ रिश्तेदारों के सामने न सिर झुक जाए
इसकी पीडा दी गई उन बच्चों को
जो लाए हैं नम्बर कम
मत समझो उन्हें किसी से कम
प्रेम कुशल उनसे व्यवहार करो
अच्छे बुरे की उन्हें पहचान कराओ
आगे बढने की उन्हें राह दिखाओ
न करो उन्हें नम्बरों का आदि
बस उनको इतना सिखलाओ
नम्बर नहीं हैं तुम्हारा जीवन तय करने वाला
तुम खुद हो अपनी राह बनाने वाले
बस सत्य के मार्ग पर चलते रहो
और दुनिया में स्वयं का परचम लहराते रहो
बस यही बात अपने बच्चों को सिखलाओ
होगा भविष्य उज्ज्वल उनका जो सीख गए
नम्बर नहीं उनका भविष्य तय करने वाला
वो खुद है अपने भविष्य को उज्ज्वल करने वाले।

पारुल लहारिया
आलमपुर,भिण्ड मप

## प्रेम की भाषा

भाषाएँ गुम हो जाती हैं
पर भाव ठहर से जाते हैं,

बिन भाषा के भी क्या
हम भावों को पढ़ पाते हैं,



बस प्रेम की भाषा ऐसी है
बिन बोले भी सब जान गए,

क्यों बच्चा मां को ही ढूँढे
क्यों मां उस पे ही ध्यान रखे,

क्यों बच्चों को आगे लाने को
पिता रात दिन काम करे ,

क्यों सरहद पर हर सैनिक
हथेली पर अपनी जान रखे,

क्यों ना हर भाषा से पहले हम भी
बस प्रेम की भाषा ध्यान रखें ।

प्रियंका कटारे %प्रिराज%
ग्वालियर मप्र

## बढ़े चलो बढ़े चलो

कदम से कदम मिला रे साथी,
हर मुश्किल पार सी लगती है ।।
हाथ से हाथ मिला कर चल,
हर राह आसान हो जाती है।।



एक ही नारा गूंज रहा है,
बढ़े चलो रे बढ़े चलो।।
यूं ही न थक जाना तुम,
मंजिल भी तो पानी है ।।

रातों को तू दिन बना ,
सोती किस्मत भी जगानी है।।
कर मेहनत तू कर प्रयास,
चमकती छवि तुझे बनानी है ।।

निरंतर कर बस करता जा ,,
कर्मो से इतिहास बनता है ।।
जो हंस रहा है तेरे ऊपर,,
वहीं एक दिन अपनी किस्मत को रोता है ।।

रेणु शर्मा
जयपुर राजस्थान

## कर गुज़र जाना है

(ताटंक छंद)

मनोवांछित सिद्धि किसे आखिर,मिली कभी मनुहारों से?
जीवन संग्राम गया जीता,कब मन के सुकुमारों से?
आती विपदाओं को जो, ठोंक सीना दिखाते हैं
बनकर ओखल निर्भीक मारें,क्रूर जगत की खाते हैं।
जिनके लिये पग पग पर खड़ी,यातना बड़ी भारी हैं
परिस्थितियों का विचित्र यह खेल,निशदिन रहता जारी है
उनमे भी जो दीन भाव भर, संतप्त नहीं होते हैं
दुर्बल जनों की भांति बैठ कर,ज़रा भी नहीं रोते हैं।
उन्हीं को विजयलक्ष्मी ने सदा,जयमाला पहनाई है
विधि भी उन वीरों पर ही तो, अंत में मुस्कराई है
प्रहार सहने योग्य अपनी,छाती खूब बनाते हैं
वे ही दो दो हाथ समर में,शत्रुओं से कर पाते हैं।
सच है क्या मिलता मानव को,विपदा में घबराने से?
दीन दुनिया सिद्ध होये कौन? पीठ अपनी दिखाने से?
चार दिनों का जीवन फिर क्यों,वृथा ही भय खाना है?
जो निश्चय कर डाला मन में,उसे कर गुज़र जाना है।



क्षितिज जैन ÷अनघ÷

# समाज के नैतिक पतन का प्रतीक है यौन शोषण की बढ़ती घटनाएं

संस्कार,संस्कृति,चरित्र और सदाचार की बढ़ चढ़ कर बातें करने वाले भारत वर्ष में लड़कियों के यौन शोषण की बढ़ती घटनाओं ने पूरे देश को शर्मिंदा कर दिया है। जिस देश में भगवान व पिता तुल्य %गुरु% ही अपनी शिष्याओं या अपने भक्तों की बहन बेटियों का शारीरिक शोषण करने पर उतारू हों वहां समाज के किसी दूसरे वर्ग से सदाचार या चरित्र की क्या उम्मीद रखी जा सकती है। परन्तु इस बात पर आश्चर्य ज़रूर होता है कि आसाराम से लेकर चिन्मयानंद तक की पोल पट्टी खुलने के बाद तथा इसी तरह की और भी अनेक घटनाओं का खुलासा होने के बावजूद ऐसे समाचारों पर विराम क्यों नहीं लग रहा। यद् कीजिये जून 2018 में बिहार के मुज़फ़्फ़रपुर शहर की वह घटना जिसमें पत्रकार के चोले में लिपटे ब्रजेश ठाकुर नामक एक सफ़ेद पोश व्यक्ति द्वारा बिहार राज्य समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित एक शेल्टर होम में 30 से ज्यादा लड़कियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया था। इस मामले के 20 आरोपियों में से 19 को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गयी थी। अदालत ने मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस मामले में मंत्री स्तर के प्रभावशाली लोगों के शामिल होने की ख़बरें सामने आई थीं। इस के बाद अगस्त 2018 में ही उत्तर प्रदेश के देवरिया के बालिका संरक्षण केंद्र की 42 में से 18 लड़कियों के लापता होने की तथा कई लड़कियों के यौन शोषण का मामला भी उजागर हुआ था। इसी तरह गत जून माह में कानपुर के राजकीय महिला संवासिनी गृह की 57 बालिकाओं के कोरोना



संक्रमित मिलने और सात के गर्भवती पाए जाने तथा इनमें कुछ नाबालिग लड़कियों के गर्भवती होने का खुलासा हुआ। इनमें एक एड्स से भी पीड़ित है। प्रशासन द्वारा इस केंद्र में कोरोना की जांच कराई गई थी, जिसके बाद ये सनसनीखेज़ मामले सामने आए। लड़कियों के साथ निरंतर होने वाले यौन शोषण के संगीन मामलों से पर्दा हटने के बावजूद इस अनैतिक %व्यवसाय % का अंत होता नज़र नहीं आता बल्कि इस तरह की घटनाएँ बढ़ती ही जा रही हैं। आए दिन कहीं न कहीं से लड़कियों के सामूहिक यौन शोषण के समाचार आते ही रहते हैं। और ऐसी अधिकांश घटनाओं में सफ़ेद पोश व रसूख़दार लोग शामिल रहते हैं।इसी तरह की एक और दिल दहलाने वाली घटना उत्तर प्रदेश के ही धार्मिक नगर चित्रकूट से आई जहाँ ग़रीब आदिवासी परिवारों की बच्चियों से अवैध खदानों में मज़दूरी का काम दिए जाने के बदले में उनका शारीरिक शोषण किये जाने का मामला सामने आया। ख़बरों के अनुसार, चित्रकूट में 12 से लेकर 14 वर्ष तक की बच्चियां अपना और अपने परिवार का पेट पालने के लिए अवैध खदानों में काम करने को मजबूर हैं। परन्तु इन बच्चियों से यहां मज़दूरी के साथ ही कथित तौर पर 200 से 300 रुपये में जिस्मफ़रोशी भी कराई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार खदानों में बच्चियों के काम करने के बावजूद इन्हें दिहाड़ी नहीं दी जाती, इसके लिए इन बच्चियों से जिस्मफ़रोशी कराई जाती है। एक पीड़िता के अनुसार -%जब वे इन खदानों में काम मांगने जाती हैं तो ठेकेदार जिस्मफ़रोशी की शर्त पर इन्हें काम देने को कहते हैं। जबकि एक अन्य पीड़िता के मुताबिक़ -÷ठेकेदारों ने खदानों के पास के टीले के पीछे बिस्तर लगा रखे हैं। वो हमें वहां ले जाते हैं, और बारी-बारी से हमारा यौन शोषण करते हैं। हमें वहां एक-एक करके जाना होता है। जब हम मना करते हैं, तो वो हमें पीटते हैं। दर्द होता है, लेकिन सह लेते हैं। हम और कर भी क्या सकते हैं। दुख़ होता है। फिर मरने का या यहां से भाग जाने का सोचते हैं।÷ चित्रकूट के ही दफ़ाई गांव की एक पीड़िता ने बताया कि - 'हमें धमकाया जाता है कि अगर हमें काम चाहिए तो हमें इनकी शर्तें माननी पड़ेंगी।कई बार तो एक से अधिक आदमी हमारा उत्पीड़न करता है। अगर हम न कह दें तो हमें ठाकर बाहर करने की धमकी दी जाती है।

## *एक नजर आपकीं हमारी कलम पर*

# क्या हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत मे निवास कर रहे है ??

केशब पडित जी अम्बाह

ये शंका मुझे तब हुई जब मैंने मीडिया में कल शाम को 8 बजे कर्फ्यू के नाम पर अम्बाह प्रसासन के मुस्तेद मुस्टंडों को कोरोना के नाम पर गरीब लाचार ठेलों वालो पर बर्बरता से खदेडते डन्डे मारते देखा जो अपनी रोजी रोटी के लिये कच्चा माल पकाकर दो पैसा कमाने की तैयारी कर रहा था कमाना तो दूर अपने कर्ज से लिये माल को भी नही बेच पाया कुछ प्रसासन के नुमाइंन्दो ने ऐसे खदेडा मानो जम्बू कश्मीर मे पत्थर बाजी होरही हो रहम खाओ भगबान को पहचानो पहले सूचना दो तब कारबाही करो रेडक्राश के नाम पर गरीब जनता को न सताओ



एक ठेले वाला जो घूम फिर कर नारियल बेच कर अपनी बीमार मा का इलाज करवा रहा है घर चला रहा है।वो कारवाही देख रोजी रोटी का साधन लुटते देख रो दिया गिड़गिड़ाया । क्या है ये दूसरे एक डॉक्टरेट की महिला जो बेरोजगार है वो सब्ज़ी बेच कर अपना व परिवार का पेट पाल रही है प्रसासन के नुमांइन्दे कर्तव्य निष्ठ उसका ठेला जब्त करने पहुच जाते है उसकी फर्राटे दार अंग्रेजी से सहम भी जाते है । ऐसे अनगिनत उदाहरण है सब्जी मण्डी मे गरीब ठेले बालो पर रसीद के नाम पर ज्यादती की जारही है ये सब देख भारत मे होने की शंका हो गयी है मुझे कि पहले तो रोजगार है नही और न दे पा रहे है ऐसे में जो रोजगार है उसे भी बर्बर तरीके से रौंद रहे है गरीब लाचार के आंसू कोई देख नही पा रहे कि उसके घर मे कितने लोग रोटी की राह देख रहे होंगे ये बात भरे पेट वाले अफसरों को समझ मे नही आ रही गरीब के आंसू अगर तेज़ाब बन गए तो बड़ी मुश्किल होगी साहब। बंद करो कोरोना के नाम पर गरीबो पर जुल्म ढहाना उनकी आहे बर्बाद कर देगी आपको आहे व दुवा ये दोनों असर करती है याद रखो । कोरोना की रोकथाम के और भी तरीके है सोचिए ईजाद कीजिये लेकिन गरीब की रोजी रोटी को बक्ख दीजिए माई बाप वक्त सभी का आता है ध्यान रखिये अगर आज आपके हाथ मे डंडा है तो रखवाली के लिए है गरीब जनता को मारने के लिए नही।

है ईश्वर हमारे गुनाह माफ कर कोरोना महामारी से इंसानियत को मुक्त कर इसके चलते इंसान ही इंसान का भक्षक बन बैठा है ।

सभी भाई बहनों से हाथ जोड़ कर विनंती है ,कोरोना प्रोटोकाल का पालन करे खुद स्वस्थ रहे दुसरो को स्वस्थ रखे ।

जय हिंद जय भारत

## सावन की शुभ तीज पर,गायें मंगल गीत

प्रिय! सावन है आ गया,ले खुशियाँ उपहार।
डालों पर झूले पड़े,रिमझिम गिरे फुहार।



सावन की शुभ तीज पर,गाएँ मंगल गीत।
बूँदों की सरगम बजे,पायल का संगीत।

झूला झूलें झूम कर,भर के नई उमंग।
पुरवाई है डोलती,प्रियतम का शुभ संग।

रचा मेंहदी हाथ में,कर अभिनव श्रृंगार।
करती प्रभु से प्रार्थना,सुख वैभव विस्तार।

सुखद स्वस्थ जीवन रहे,प्रिय की उम्र हजार।
खुशियाँ नाचें झूमकर,सुखी रहे परिवार।

श्याम सुन्दर श्रीवास्तव
कोमल%लहार,भिण्ड,म0प्र0

स्वरचित एवं मौलिक



## यादों का बारात

आज फिर शाम ने मौसम ए बरसात लाया है ।
यादों के साथ साथ यादों का बारात लाया है ।।

उठा दर्द की एहसास दिल की एक कोने में ,-3
बनकर दवा यें झोका हवा की सौगात लाया है ।



जिन्हें चाहकर भी कभी
चाह नहीं पाते हम ,
उसीने यें तन्हाई यें काली घटा
की रात लाया है।

दिल की अरमां मेरे दिल में
ही दफन हो गई ,
सावन की बूदें भुले बिसरे
जज़्बात लाया है ।

मुलाकात की वो वक्त खत्म हो चुका है अब ,
सावन की रिमझिम नई मुलाकात लाया है ।

आज फिर शाम ने मौसम ए बरसात लाया है ।
यादों के साथ साथ यादों का बारात लाया है ।।

स्वरचित एवं मौलिक
मनोजवम
नई दिल्ली

# वरुण-आलिया होंगे दुल्हनिया सीरीज के तीसरे पार्ट का भी हिस्सा?




फिल्म हम्पटी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया में आलिया भट्ट और वरुण धवन की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। जिसके बाद अब खबर है कि दोनों एक?टर्स इसके तीसरे पार्ट में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वरुण और आलिया दोनों करण जौहर से मिलकर इस पर बात कर सकते हैं, जिन?होंने पहली दो फिल्मों को प्रड्यूस किया था। बता दें कि दोनों ऐक्टर्स एकसाथ अभिषेक वर्मन की फिल्म कलंक में नजर आए थे, जो कि बॉक?स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर सकी थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो वरुण इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी में बिजी हैं, जिसमें वह श्रद्धा कपूर के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा कुली नं 1 के ऑफिशियल रीमेक में भी सारा अली खान के साथ दिखाई देंगे। वहीं, आलिया की झोली में भी कई इंट्रेस्टिंग फिल्में हैं। वह महेश भट्ट की सड़क 2, करण जौहर की तख्त, अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र, एसएस राजामौली की आरआरआर और संजय लीला भंसाली की इंशाअल्लाह में नजर आएंगी।

# फिल्म 'सूर्यवंशी' को लेकर बिजी है कटरीना



**मुंबई।** बालीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'सूर्यवंशी' को लेकर बिजी हैं। सोशल मीडिया पर कटरीना की फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती जा रही है। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 25 मिलियन यानी 2.5 करोड़ से ज्यादा हो गई है। अपने फैन्स से जुड़े रहने के लिए वह अक्सर अपनी तस्वीरें और विडियोज शेयर करती रहती हैं। जब भी मौका मिलता है, कटरीना इंस्टाग्राम पर अपडेट करना नहीं भूलती हैं। हाल ही में कटरीना ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है, जो वायरल हो रहा है। अपनी हालिया तस्वीर में कटरीना काफी हॉट लग रही हैं। ऑल वाइट ड्रेस में कटरीना काफी गॉरजस दिख रही हैं। इससे पहले जब कटरीना के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़कर 20 मिलियन यानी 2 करोड़ हो गई थी, तब उन्होंने खास विडियो शेयर किया था। इस विडियो में कटरीना कैफ झूमती हुई दिख रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, कटरीना को आखिरी बार अली अब्बास जफर की फिल्म %भारत% में नजर आई थीं। इस फिल्म में कटरीना सलमान खान साथ लीड रोल में नजर आई थीं। सलमान और कटरीना के अलावा फिल्म में दिशा पटानी, जैकी श्रॉफ, सुनील ग्रोवर समेत कई और स्टार्स ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कटरीना जल्द ही रोहित शेट्टी की फिल्म %सूर्यवंशी% में नजर आने वाली हैं। अश फिल्म में उन्हें अक्षय कुमार के ऑपोजिट कास्ट किया गया है। यह मूवी अगले साल रिलीज की जाएगी। 'सूर्यवंशी' से पहले कटरीना और अक्षय फिल्म%नमस्ते लंदन' में भी साथ काम किया था।बता दें कि कटरीना ने साल 2017 में इंस्टाग्राम पर अकाउंट बनाया था। इससे पहले वह सोशल मीडिया से दूर रहना ही पसंद करती थीं।

## आयुष्मान की फिल्म ड्रीम गर्ल का ट्रेलर की जमकर तारीफ हो रही



**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना की आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आयुष?मान फिल्म में एक छोटे शहर के लड़के का रोल निभा रहे हैं,जो अलग-अलग महिलाओं की आवाज में बात कर सकता है और रामलीला में महिला का किरदार अदा करता है। आयुष?मान और उनकी फिल्म के ट्रेलर की जमकर तारीफ हो रही है। ट्रेलर के लांच के दौरान फिल्म की को-निर्माता एकता ने कहा कि स्क्रिप्ट सुनने के बाद उनके दिमाग में इस रोल के लिए सबसे पहला नाम आयुष्मान का ही आया था। मैंने राज शांडिल्य (डायरेक्टर) को बताया कि आयुष्मान यह फिल्म करेगा। वह यह नहीं देखेगा कि कितना बड़ा डायरेक्टर है या उसने कितनी फिल्में की हैं। वह सिर्फ स्क्रिप्ट पढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा, %एक महिला का किरदार निभाने के लिए बहुत कुछ चाहिए होता है और उसके पास वह क्षमता है। एक महिला का किरदार निभाने के लिए आपको काफी टैलंटेड होना पड़ता है। आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म 'ड्रीम गर्ल' का ट्रेलर लांच के मौके पर कहा कि यह उनकी अब तक की 'सबसे साहसी' फिल्म है और महिला आवाज में बात करना आसान नहीं था।


## सलमान को अपने पति के रूप में देखना चाहती है अनन्या



अनन्या पांडे की दूसरी फिल्म ÷पति पत्नी और वो÷ रिलीज हो चुकी है। बता दें कि इसमें ऐक्ट्रेस एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं जो एक शादीशुदा पुरुष के झूठ पर यकीन कर उसके साथ रिलेशनशिप में आ जाती है। वैसे एक इंटरव्यू में जब अनन्या से पूछा गया कि अगर उन्हें किसी ऐक्टर को अपना ÷पति और वो÷ बनाना हो तो वह किसे चुनेंगी, तो अदाकारा ने अपने फेवरिट ऐक्टर वरुण की जगह दबंग खान का नाम लिया है। बता दें ?कि अनन्या ने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वह सलमान खान को अपना ÷पति÷ बनाना चाहेंगी क्योंकि उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है। वहीं ऐक्टर ने फिल्म ÷जुड़वा÷ में डबल रोल किया था इसलिए वह उन्हें ही अपना ÷वो÷ भी बनाएंगी। बताया जा रहा है ?कि अनन्या का यह जवाब उन फैन्स को हैरान कर देने वाला है। जो जानते हैं कि यह ऐक्ट्रेस किस तरह से वरुण धवन पर फिदा हैं। हालां?कि इस बारे में तो अनन्या खुद कई बार अपनी फीलिंग्स जाहिर कर चुकी हैं। वही वर्क फ्रंट पर अनन्या पांडे ÷पति पत्नी और वो÷ के बाद ?फिल्म ÷खाली पीली÷ में नजर आने वाली हैं।

जिसमें वह इशान खट्टर के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी।

# मिताली के रोल में नजर आएंगी तापसी



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप?टन मिताली राज का आज यानी 3 दिसंबर को जन?मदिन है। बालीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी अगली फिल?म की घोषणा इस खास मौके पर की। अभिनेत्री ने बर्थडे गर्ल के साथ सोशल मीडिया अकाउंट्स पर तस?वीरें शेयर कीं। उन?होंने बताया कि वह अगली फिल?म %शाबास मितु% में मिताली के रोल में नजर आएंगी। तापसी ने ट्वीट किया, %हैपी हैपी बर्थडे कैप?टन मिताली राज! आपने हमें कई तरीकों से प्राउड फील कराया है और यह मेरे लिए सम?मान की बात है कि मुझे आपकी जर्नी को स?क्रीन पर दिखाने के लिए चुना गया है।% ऐक?ट्रेस ने लिखा, %आपके इस बर्थडे पर मुझे नहीं मालूम कि आपको क?या गिफ्ट दूं लेकिन यह वादा कर सकती हूं कि आप जब खुद को पर्दे पर देखेंगी तो आपको प्राउड फील होगा।% तापसी ने आगे लिखा कि %कवर ड्राइव% सीखने के लिए तैयार हूं। बता दें, तापसी आखिरी बार भूमि पेडनेकर के साथ फिल?म %सांड की आंख% में नजर आई थीं। फिल?म में तापसी के काम की काफी प्रशंसा हुई थी। अब वह %रश्मि रॉकेट% और %थप?पड़% जैसी फिल?मों में भी नजर आएंगी। मालूम हो कि ऐक?ट्रेस तापसी पन?नू फिल?मों में अपनी पावरहाउस परफॉर्मेंस से हमेशा लोगों को इम?प्रेस करती हैं। %पिंक%, %नाम शबाना%, %मुल?क%, %बदला% और %गेम ओवर% जैसी फिल?मों में अपनी ऐक?टिंग से उन?होंने इंडस?ट्री में अपनी खास जगह बनाई है।

# लेमर्स टीचर का रोल निभाऐंगी अनुष्का



**मुंबई।** फिल्ममेकर फराह खान सत्ते पे सत्ता का रीमेक बनाने जा रही हैं। इसका फैंस भी काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि ऑरिजनल फिल्म में अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी लीड रोल में थे। लेकिन बताया जा रहा है कि इसके रीमेक में उनकी जगह रितिक रोशन और अनुष्का शर्मा होंगे। इस बीच फिल्म में अनुष्का के कैरक्टर से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है। जहां ऑरिजनल फिल्म में हेमा मालिनी ने किरदार निभाया था, वहीं फराह ने रीमेक में लीड ऐक्ट्रेस का प्रफेशन चेंज कर दिया है। फिल्म में अनुष?का ग्लैमरस टीचर के रोल में होंगी। बता दें, अनुष?का के रोल के लिए फराह ने अपनी ही फिल?म ÷मैं हूं ना÷ से प्रेरणा ली है, जिसमें सुष्मिता सेन ग?लैमरस टीचर ÷मिस चांदनी÷ के किरदार में दिखी थीं। हालांकि, इस बार साड़ी की जगह अनुष?का शॉर्ट जैकेट्स और समर ड्रेसेस में नजर आएंगी। वहीं बताया गया कि फिल्म में रंजीता का कैरक्टर प्रीति जिंटा निभा सकती हैं। वैसे बता दें ?कि लंबे वक्त बाद रितिक और प्रीति किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। इससे पहले उन्होंने साथ में मिशन कश्मीर, लक्ष्य और कोई मिल गया जैसी फिल्में की हैं।

# कोरोना पॉजीटिव व्यक्ति के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों की शत्प्रतिशत सैम्पलिंग 2 दिवस में कराना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

## अनुपस्थित डाटा एन्ट्री ऑपरेटर दीपचन्द्र कुशवाह का 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश



**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कहा कि कोरोना पॉजीटिव के संपर्क में आने वाले कम से कम 15 अन्तिम व्यक्तियों का सैम्पल कराना दो दिवस में सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पॉजीटिव व्यक्ति के संपर्क में आने वाले उन लोंगो को कम से कम दो दिवस के अंदर उनकी सैम्पलिंग कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने सार्थक एप्प की समीक्षा के दौरान पाया कि डाटा एन्ट्री ऑपरेटर जौरा दीपचन्द्र कुशवाह बिना सूचना के 5 दिन से अनुपस्थित है, इस पर उन्होंने तत्काल 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश डीपीएम श्री श्रीवास्तव को दिये। यह निर्देश उन्होंने जौरा अस्पताल में कोविड की समीक्षा करते समय स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर एसडीएम श्री नीरज शर्मा, बीएमओ, तहसीलदार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य एवं राजस्व अधिकारी जो कोविड में लगाये गये है, वे यह सुनिश्चित करें कि एक कोविड पॉजीटिव व्यक्ति पर 15 लोंगो के कॉन्टेक्ट होने वाले व्यक्तियों के सैम्पल अनिवार्यत: करायें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हमें कोविड पर विजय प्राप्त करनी है और कोरोना की चैन को तोड़ना है।

### कलेक्टर ने जौरा में कंटेनमेंट एरिया का किया निरीक्षण



कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने जौरा स्थित मई वाला कुआ, नया बस स्टेण्ड क्षेत्र में बनाये गये कंटेनमेंट एरिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कंटेनमेंट एरिया में कम से कम 250 से 300 व्यक्ति होने चाहिये। एक या दो घरों से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि कंटेनमेंट एरिया में निवासरत लोंगो के सैम्पल करायें जायें और कंटेनमेंट एरिया के लोग कंटेनमेंट से बाहर व अंदर न हों। उन्होंने कहा कि कंटेनमेंट एरिया में किसी भी प्रकार वस्तुयें जैसे- सब्जी, फल आदि के ठेले नहीं पहुंचने चाहिये। उन्होंने कहा कि कंटेनमेंट एरिया की अवधि अब 21 दिन से घटाकर 14 दिन होनी चाहिये।

### कलेक्टर ने कोविड वार्ड का किया औचक निरीक्षण



कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास औचक निरीक्षण करने जौरा के कोविड वार्ड कस्तूरबा हॉस्पीटल पहुंची। जहां उसमें पॉजीटिव 09 मरीज उपस्थित थे। उन्होंने पॉजीटिव कोविड मरीजों से पहुंचकर उनके पास वनटूवन चर्चा की। उन्होंने सुबह का नाश्ता, दोपहर का खाना, अपरान्ह टाइम का नाशता एवं रात्रि खाने की मीनू सहित जानकारी प्राप्त की एवं उन्होंने संपूर्ण पॉजीटिव मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। जिसमें सभी मरीजों ने दो टाइम के भोजन एवं नाश्ते की प्रशंसा की। तथा डॉक्टरों के बारे में भी उन्होंने कलेक्टर से प्रशंसा की।

## जिले में रात्रि 8 से प्रातः 5 बजे तक कर्फ्यू रहेगा

**मुरैना।** कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अधीन जारी दिशा-निर्देशों के पालन में कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने मुरैना जिले में रात्रि 8 बजे से प्रात: 5 बजे तक अतिआवश्यक सेवाओं को शिथिल करते हुये पूर्णत: कर्फ्यू घोषित किया है। कर्फ्यू के दौरान कोई भी व्यक्ति बिना आवश्यक कार्य के घर से बाहर नहीं निकलेगा। राज्य, केन्द्र सरकार तथा निजी कार्यालयों, निजी प्रतिष्ठानों को 30 से 50 प्रतिशत कर्मचारी क्षमता के साथ संचालित किया जाये। शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहेगी। शासकीय, निजी संस्थान में कोविड पॉजिटिव पाये जाने पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा प्रसारित प्रोटोकॉल अनुसार कार्यवाही की जाये। मास्क, फेस कवरिंग का उपयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालों तथा शादी विवाह, निजी कार्यक्रम, अंत्योष्टि कार्यक्रम में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के भाग लेने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 से 60 के प्रावधानों के अलावा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं अन्य उपयुक्त कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत जुर्माने सहित दण्डिक कार्यवाही की जायेगी।

### रेल्वे स्टेशन पर बाहर से आने वाले व्यक्तियों की होगी सर्चिंग, टीम गठित

**मुरैना।** जिले की चारों सीमाओं पर सर्चिंग करने के लिये टीम गठित कर दी गई है। इसके साथ ही रेल्वे स्टेशन पर प्रतिदिन ट्रेनों से आने वाले लोंगो की जांच के लिये टीम गठित कर दी गई है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि प्रतिदिन रेल्वे स्टेशन पर दिल्ली एवं भोपाल की ओर से आने वाले ट्रेनों से यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग आदि की जानकारी हेतु 24 घण्टे के लिये टीम गठित कर दी गई है। जिसमें रेल्वे स्टेशन मुरैना पर प्रात: 10 से 4 बजे तक श्री ओमप्रकाश सिंह व श्री अमरीश कथूरिया, सायं 4 से रात्रि 10 बजे तक श्री रघुवीर सिंह बघेल व श्री संदीप कुमार, प्रात: 4 बजे से सुबह 8 बजे तक श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, श्रीनिवास चतुर्वेदी, श्री राजेश शर्मा उपस्थित रहेंगे।

रिर्जव दल में रामदास सिंह व श्री विजय कुमार उपस्थित रहेंगे। यह टीम

## कोविड मरीजों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिये - कलेक्टर



**कलेक्टर ने सार्थक एप्प एवं फीवर क्लीनिक की जानकारी कैलारस स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचकर ली**

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कैलारस हॉस्पीटल पहुंचकर स्वास्थ्य अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि कोविड मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिये। उनके खान-पान पर चिकित्सक विशेष ध्यान दें। उनमें जल्दी इम्यूनिटी पैदा करें, जिससे वे जल्दी स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हो सकें और जिले से कोरोना का खात्मा हो सके। उन्होंने कहा कि कोरोना में प्रथम कड़ी चिकित्सक है। चिकित्सक अपने दायित्वों पर खरे उतरें। यह निर्देश उन्होंने गुरूवार को स्वास्थ्य हॉस्पीटल कैलारस में चिकित्सकों को दिये। इस अवसर पर सबलगढ़ एसडीएम सुश्री अंकिता धाकरे, तहसीलदार श्री राहुल गौड़, जनपद सीईओ श्री गिर्राज शर्मा सहित डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कहा कि कोरोना को पकड़ने के लिये सार्थक एप्प हम चिकित्सकों के लिये लाभाकारी सिद्ध हो रहा है। इसमें फीड होने पर बीमार व्यक्ति की जानकारी शीघ्र मिलती है और उस पते एड्रेस पर हम पहुंचकर उस बीमार व्यक्ति को खोज लेते है और उसका सैम्पल करा लेते है। भले ही उसका सैम्पल निगेटिव आता है, किन्तु जो वास्तविक व्यक्ति कोरोना की चपेट में है, वो हमारी पकड़ में आ जाता है। उसको हम 7 दिन के लिये आईसोलेशन वार्ड में रखकर उसमें इम्यूनिटी पैदा करते है और उसमें जो वायरस के लक्षण होते है, वो एक स्थान पर रूककर दूसरे व्यक्तियों में संक्रमण नहीं फैला पाते है। इसलिये हम कोरोना को शान्त करने में कामयाब हो रहे है। उन्होंने कहा कि सार्थक एप्प चिकित्सक कन्टूनियस जानकारी लेते रहे और फीवर क्लीनिक पर आने वाले मरीजों को चयन करें। उनमें कोविड के मरीज आते है तो उनकी तत्काल सैम्पलिंग करायें। फीवर क्लीनिक पर कई ऐसे मरीज वारयल के आ रहे है, जिनमें खादी, खांसी, मलेरिया के कारण है, उनके स्लाइड बनायें और उनका ईलाज करें। उन्होंने कहा कि मंगलवार और शुक्रवार को चिकित्सक बैठकर एक-दूसरे के कोविड के संबंध में चर्चा करें और कोविड के खात्मा को लेकर नये नवाचार कर कोरोना की चैन तोड़ने में कामयाब हों।

## थाना महुआ पुलिस द्वारा हत्या के अपराध में 5000 रू का ईनामी फरार आरोपी गिरफ्तार...




अम्बाह... पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया द्वारा सम्पूर्ण जिले में गम्भीर अपराध में फरार आरोपियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के दिशा निर्देशन में एसडीओपी अवनीश बंसल के कुशल मार्ग दर्शन में पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है जानकारी के अनुसार 02.06.19 को चम्बल नदी के किनारे रायपुर घाट के पास एक सिर कटी हुई लड़की की लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी उक्त सूचना पर थाना में मर्ग कायम कर जांच की गई, दौराने जाँच अज्ञात सिर कटी हुई लाश प्रिया उर्फ कौशिकी तोमर उम्र 19 साल नि. ग्राम विण्डबा थाना महुआ की होना पाया गया तथा जाँच मे प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पाया कि प्रिया उर्फ कौशिकी तोमर मिश्रनगर अम्बाह में अपने परिवार के साथ रहकर पढाई करती थी पढाई के दौरान उसी के मौहल्ले में किराये से रहने बाले सूरज तोमर पुत्र गजाधर सिंह तोमर नि. कुथियाना थाना अम्बाह से प्यार करने लगी थी प्रिया और सूरज के प्रेम सम्बन्धो के बारे में प्रिया के घर बालो को पता चला तव मृतिका प्रिया के घर बालो ने सूरज व प्रिया को काफी समझाया और प्रिया के घर बालो ने प्रिया का सम्बन्ध किसी दूसरी जगह तय कर दिया था उसके बाबजूद भी प्रिया लगातार सूरज से बातचीत करती थी इसी बात को लेकर मतिका प्रिया उर्फ कौशिकी तोमर की दिनांक 22.05.19 को ग्राम विण्डबा मे सुबह करीब 08.00 प्रिया के पिता ओंकार सिंह तोमर व उसके चाचा शिवकान्त उर्फ शिवकार तोमर व्दारा रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर अपने स्वराज ट्रेक्टर से चम्बल नदी के किनारे ले जाकर मृतिका प्रिया तोमर का सिर काटकर चम्बल नदी में बाह दिया था। मर्ग जाँच पर से थाना महुआ में अप.क्र 44/20 धारा 30220134 ताहि का आरोपीगण ओमकार सिंह पुत्र मलखान सिह तोमर व शिवकार उर्फ शिवकान्त तोमर पुत्र मलखान सिह तोमर नि.गण ग्राम विण्डबा थाना के विरूद्ध मामला कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण के आरोपी गण कायमी दिनांक से फरार चल रहे थे आज दिनांक 23.07.20 को थाना महुआ पुलिस द्वारा आरोपी शिवकार उर्फ शिवकान्त सिह पुत्र मलखान सिह तोमर उम 35 साल नि. विण्डबा को गिरफ्तार कर लिया जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक महोदय मुरैना द्वारा 5000 रू का ईनाम घोषित किया गया था। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उनि पार्थ सिंह परिहार, ए.एस.आई. जे.पी. शर्मा एएसआई राजेन्द्र विमल, , आर0 460 सियाराम, आर. 215 प्रमोद शर्मा, आर. 199 संदीप आर.653 चन्द्रशेखर आर. 1113 ऋतुराज का सराहनीय योगदान रहा।

## सीएम हेल्पलाईन 181 पोर्टल अंतर्गत नवीन सुविधाएं

**मुरैना।** सीएम हेल्पलाईन पोर्टल के तहत कई नई सुविधाएं शुरू की गई है। अब सभी स्तर के अधिकारियों के लिए प्रोफाईल में पासवर्ड अपडेट के लिए नवीन पेज उपलब्ध कराया गया है। सभी लेवल अधिकारियों के लिए एक ही प्रकृति की 5 शिकायतें एक साथ मर्ज करने की सुविधा भी दी गई है। साथ ही आवेदक द्वारा दर्ज शिकायत की जानकारी के साथ ही शिकायतकर्ता द्वारा पूर्व में दर्ज कराई गई शिकायत देखने की सुविधा भी इस पोर्टल में उपलब्ध है। इसके अलावा लंबित शिकायतों को देखने एवं निराकरण दर्ज करने के लिए नवीन मोबाईल एप्प प्रारंभ किया गया है।

## धोखाधड़ी करने वाली चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध पुलिस थानों में शिकायत कराएं दर्ज

**25 जुलाई को संबंधित थानों में लगाया जाएगा शिकायत कैंप**

**मुरैना।** चिटफंड कंपनियों एवं चेन बैंकिंग कंपनियों के द्वारा अनाधिकृत रूप से नागरिकों को लुभावनें प्रलोभन देकर उनसें बडी मात्रा में धनराशि अथवा बहुमूल्य संपत्ति प्राप्त कर धोखाधड़ी की जाती है। ऐसी धोखाधड़ी करने वाली कंपनियों और फर्मों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत किसी भी नागरिक के साथ ऐसी किसी चिटफंड कंपनी या फर्म द्वारा सीधे तौर पर अथवा कंपनी के कर्मचारी, डायरेक्टर व ऐजेंट के माध्यम से धोखाधड़ी, जालसाजी या धनराशि अपहृत की गई है, तो वे संबंधित थाने में इसकी मय दस्तावेजों के साथ शिकायत दर्ज करा सकते है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जुलाई शनिवार को दोपहर प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक संबंधित थानों में शिकायत कैंपों का भी आयोजन किया जाएगा। कैंप में उपस्थित होकर चिटफंड कंपनियों व फर्मों के विरूद्ध धोखाधड़ी की शिकायत प्रस्तुत कर सकते है।

## चंबल कमिश्नर ने श्योपुर के लेखापाल को दिया कारण बताओ नोटिस



**मुरैना।** अपने पदीय कर्तव्यों में उदासीनता एवं कार्य में अनियमितताओं के आरोप में लेखापाल कार्यालय जिला शिक्षाधिकारी जिला श्योपुर के शैलेन्द्र कुमार शर्मा को चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रबीन्द्र कुमार मिश्रा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कमिश्नर श्री मिश्रा ने आदेश में अवगत कराया है कि श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती किशोरी शर्मा जो आदिम जाति कल्याण विभाग में शा.प्रा.वि. हीरापुर में शिक्षाकर्मी 03 के पद पर पदस्थ थी, को नियम विरूद्ध तरीके से शिक्षा विभाग में अवैध तरीके से स्थानांतरण करा लिया जिसके उपरांत संबंधित अधिकारी के संज्ञान मे मामला आते ही उक्त आदेश की प्रतिलिपि में यह उल्लेख किया गया कि उक्त स्थानांतरण आदेश का पालन नही किया जावे तथा इस हेतु संचालनालय से मार्गदर्शन चाहा जाकर मामले को ठण्डे बस्ते में डलवा दिये जाने इसी के अतिरिक्त आपकी नियुक्ति अशासकीय हजारेश्वर विद्यालय के अपात्र 103 कर्मचारियों में से एक के रूप में होने जो कि शासन के आदेश के पालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर के आदेश 6 अप्रेल 2009 से सेवा से पृथक हो जाने के पश्चात भी आपको लेखापाल के पद पर पदोन्नति, 20 वर्ष की सेवा पूरी करने से प्राप्त वरिष्ठ वेतनमान का लाभ इत्यादि लाभ प्राप्त होने तथा अशासकीय हजारेश्वर विद्यालय के संबंध में प्रकरण न्यायालय में प्रचलित होने के फलस्वरूप स्वयं ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में न्यायालयीन कार्य किये जाने के क्रम में उक्त हेतु शासन पक्ष कमजोर रखे जाने एवं श्री बी.एल. शर्मा, जो कि व्याख्याता के पद से डाईट श्योपुर से सेवानिवृत्त हुये थे, की अंक सूची में अंकसूची कूटरचित होने के क्रम में उनके विरूद्ध जालसाजी के तहत संबंधित पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के उपरांत भी कोई कार्यवाही न किये जाने तथा कार्यालयीन अभिलेखों में भी हेरा-फेरी किये जाने का उल्लेख किया गया है।

### चंबल कमिश्नर ने श्योपुर के जिला शिक्षाधिकारी को दिया कारण बताओ नोटिस

**मुरैना।** अपने पदीय कर्तव्यों में उदासीनता एवं कार्य में अनियमितताओं के आरोप में जिला श्योपुर के जिला शिक्षाधिकारी श्री वकील सिंह रावत को चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रबीन्द्र कुमार मिश्रा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कमिश्नर श्री मिश्रा ने आदेश में अवगत कराया है कि शासन द्वारा विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत भेजे गये गेहूं व चावल की कालाबाजारी कर बाजार मे बेचने वाले शासकीय माध्यमिक विद्यालय उर्दू शाला मंडी प्रहलादपुरा विजयपुर के प्रधान अध्यापक शरीफअंसारी पुत्र मोहम्मद अंसारी को मध्यान्ह भोजन की चोरी कर विक्रय के आरोप में उन पर अधिरोपित धारा 406, 409 एवं 3/7 में उक्त अध्यापक के विरूद्ध कोई कार्यवाही न करने, शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोंडाखेडी में पदस्थ रघुनंदन नागर, सहायक शिक्षक को माननीय न्यायालय द्वारा तीन वर्ष के कारावास भेजने के क्रम में भी संबंधित के विरूद्ध कोई कार्यवाही न कर संबंधित का छहरू माह का वेतन आहरित करने एवं श्री रामस्वरूप शर्मा, सेवा निवृत्त शिक्षक, मा.वि. पचनाया ब्लॉक विजयपुर के अर्जित अवकाश की राशि रूपये 1,21,725/- आपके द्वारा तत्कालीन प्राचार्य एस.के. उ.मा.वि. गोहटा के पद पर पदस्थ होने के समय संबंधित के खाते में उक्त राशि का हस्तान्तरण न होकर आपके स्वयं के खाता क्रमांक 53040601364 में जमा कराये जाने एवं अन्य शिकायती बिंदुओं का उल्लेख किया गया है।

# मैक्सवेल ने आईपीएल को छोटे स्तर का विश्वकप बताया



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तरीफ करते हुए कहा कि यह एक प्रकार से छोटा विश्वकप ही है। मैक्सवेल के अनुसार आईपीएल में दुनिया भर के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अच्छा अवसर मिलता है। इसमें शामिल खिलाड़ियों को एक दूसरे से कड़ी टक्कर मिलती है जिससे उनका खेल बेहतर होता है। मैक्सवेल ने कहा, 'आपको आईपीएल पर इंतजार करना होगा, अन्य लोगों के फैसले का इंतजार करना होगा कि यात्रा और पृथकवास समय और अन्य चीजों के बारे में आप क्या कर सकते हो और क्या नहीं। अगर सबकुछ सही रहता है तो इसमें भाग नहीं लेने का कोई कारण नहीं बचता है। उन्होंने कहा, 'विदेशी खिलाड़ियों को इसमें खेलकर काफी रोमांच का अनुभव होता है इसमें विश्व कप की तरह दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मुकाबला करते हैं।% मैक्सवेल को इंग्लैंड दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की 26 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल मानसिक स्वास्थ्य और थकान का मामला उठाते हुए कुछ समय के लिए ब्रेक भी लिया था। मैक्सवेल ने कहा कि वह इस दौरान राष्ट्रीय कोच जस्टिन लैंगर के संपर्क में रहे। उन्होंने कहा, 'कोरोन काल के समय घर पर रहने का मैंने पूरा लाभ उठाया और इससे मैं शारीरिक व मानसिक रूप से तरोताजा हो गया हूं।

## पोलैंड सुपरलीगा में खेलेंगे साथियान

**चेन्नई ।** भारत के जी साथियान ने पोलैंड की आगामी टेबल टेनिस लीग (सुपरलीगा) में खेलने के लिए सोकोलोव एस.ए. जारसोस्लॉ टीम से करार किया। पोलैंड सुपरलीगा के सितंबर में शुरू होने की संभावना है। इस भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले जापान की टेबल टेनिस लीग में ओकायामा रिवेट्स टीम से करार किया था जहां वह 12 मैच खेल सकते हैं। साथियान ने ट्विटर पर पोलैंड टेबल टेनिस लीग से जुड़ने पर कहा, '' मैं यूरोप प्रवास के दौरान अधिक मैच अभ्यास करना चाहता हूं,



इसलिए मैंने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने कहा, मैं पोलैंड में काफी कम मैच खेलूंगा, शायद चार या पांच मैच। जब यूरोप में प्रो टूर होते हैं तो जापान में लीग आयोजित नहीं की जाएगी। जापान लीग पूरे साल नहीं चलती है, ऐसा ही पोलैंड की लीग के साथ है। यहां एक सप्ताह में तीन या चार मैच होते हैं। विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर बरकरार इस खिलाड़ी ने कहा, मैं केवल दो सप्ताह तक पोलैंड में रहूंगा। यह मेरे लिए अच्छा समय होगा क्योंकि सुपरलीगा में कड़ी स्पर्धा होती है। पोलैंड में बहुत सारे शीर्ष खिलाड़ी हैं, बहुत सारे एशियाई हैं। वहां प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक हैं।

## कोरोना के कारण वाशिंगटन ओपन रद्द



**वाशिंगटन।** कोरोना वायरस महामारी के कारण अगस्त में होने वाले एटीपी टेनिस वाशिंगटन ओपन कोरोना को रद्द कर दिया गया है। एटीपी और वाशिंगटन ओपन के आयोजकों ने कहा कि वर्तमान हालातों में इसका आयोजन संभव नहीं है। इस टूर्नामेंट को 13 अगस्त से शुरु होना था पर जिस प्रकार कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है उसको देखते हुए खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे रद्द करने का फैसला लेना पड़ा है । वाशिंगटन ओपन के रद्द होने से अमेरिकी ओपन के आयोजन पर भी संदेह है। वहीं एटीपी चैयरमैन आंद्रिया गोडेंजी ने कहा, यह दुखद है कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हम इस साल वाशिंगटन ओपन का आयोजन नहीं कर सकते। मुझे पता है कि इस कठिन समय में इस टूर्नामेंट का आयोजन मुश्किल है। दुर्भाग्य से स्थिति हमारे हाथ में नहीं है। हम अगले साल इस टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए उत्सुक हैं।

# लीवरपूल ने पहली बार जीता प्रीमियर लीग खिताब



**लीवरपूल ।** लीवरपूल क्लब ने पहली बार प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीता है। जैसे ही जोर्डन हेंडरसन ने प्रीमियर लीग ट्रॉफी उठायी वैसे ही जोरदार आतिशबाजी हुई हालांकि इस नजारे को देखने के लिए दर्शक नहीं थे क्योंकि कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए खाली स्टेडियम में मैच हुए। इस दौरान एनफील्ड स्टेडियम का अधिकांश हिस्सा खाली था और जब स्टेडियम की छत से आतिशबाजी हुई तो हर जगह लाल धुआं ही नजर आ रहा था। लीवरपूल ने इससे पहले 1990 में खिताब जीता था वहीं जबकि प्रीमियर लीग की शुरुआत 1992 में हुई। टीम के जीतते ही खिलाड़ियों के परिजनों को भी स्टेडियम के अंदर जाने की अनुमति मिल गयी।

## कोरोना महामारी के कारण यूरो टी-20 स्लैम क्रिकेट टूर्नामेंट स्थगित

**लंदन।** कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए अब यूरो टी-20 स्लैम क्रिकेट टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया है। इस टूर्नामेंट में आयरलैंड, स्कॉटलैंड और हॉलैंड की छह फ्रेंचाइजी भाग लेती हैं। आयोजकों ने कहा कि इस टूर्नामेंट को पहले 2019 में शुरु किया जाना था पर अब इसे स्थगित कर दिया गया है । इस टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्तिल, इंग्लैंड के विश्वकप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन और पाकिस्तान के शाहिद आफरीदी




जैसे खिलाड़ी शामिल होने जा रहे थे। आयोजकों ने कहा कि हाल के दिनों में इस टूर्नामेंट के आयोजन की उम्मीद हुई थी पर संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसे स्थगित करना पड़ा। आयोजकों ने एक बयान जारी कर कहा, 'दुनियाभर में अनिश्चितिता के माहौल और कोरोना के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर प्रतिबंध, क्वारेंटीन प्रक्रिया और मुकाबलों में दर्शकों के शामिल होने को लेकर जारी संशय को देखते हुए इस टूर्नामेंट को कराना संभव नजर नहीं आता है।%वैसे भी फुटबॉल को छोड़कर अभी अधिकतर खेल मुकाबले बंद है।

## पोलैंड सुपरलीगा में खेलेंगे साथियान

**चेन्नई।** भारत के जी साथियान ने पोलैंड की आगामी टेबल टेनिस लीग (सुपरलीगा) में खेलने के लिए सोकोलोव एस.ए. जारसोस्लॉ टीम से करार किया। पोलैंड सुपरलीगा के सितंबर में शुरू होने की संभावना है। इस भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले जापान की टेबल टेनिस लीग में ओकायामा रिवेट्स टीम से करार किया था जहां वह 12 मैच खेल सकते हैं। साथियान ने ट्विटर पर पोलैंड टेबल टेनिस लीग से जुड़ने पर कहा, '' मैं यूरोप प्रवास के दौरान अधिक मैच अभ्यास करना चाहता हूं, इसलिए मैंने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने कहा, मैं पोलैंड में काफी कम मैच खेलूंगा, शायद चार या पांच मैच। जब यूरोप में प्रो टूर होते हैं तो जापान में लीग आयोजित नहीं की जाएगी। जापान लीग पूरे साल नहीं चलती है, ऐसा ही पोलैंड की लीग के साथ है। यहां एक सप्ताह में तीन या चार मैच होते हैं। विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर बरकरार इस खिलाड़ी ने कहा, मैं केवल दो सप्ताह तक पोलैंड में रहूंगा।

## टोक्यो ओलंपिक की तैयारियों के लिए सहायता देगी फिना

**वाशिंगटन।** विश्व तैराकी की शीर्ष संस्था (फिना) ने टोक्यो ओलंपिक की तैयारियों में लगे खिलाडियों को सहायता देने की घोषणा की है। फिना इसके लिए 65 लाख डॉलर की राशि देगी। फिना ने कहा कि वह उन खिलाडियों की मदद करेगी जो कोरोना वायरस महामारी के कारण अभ्यास और प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पा रहे हैं। इस योजना के तहत कम से कम 160 राष्ट्रीय महासंघों को 40 लाख डालर देने की योजना है जिससे अगले



एक साल में खिलाडियों के अभ्यास और प्रतियोगिताओं का खर्चा वहन किया जा सके। इसके अलावा 20 लाख डॉलर उन खिलाडियों की तैयारियों के लिए दिए जाएंगे जिन्होंने अभी तक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं किया है। बाकी 460,000 डॉलर का अनुदान महाद्वीपीय तैराकी संघों को दिया जाएगा।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें नहीं बदली




**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने गुरुवार को लगातार तीसे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई फेरबदल नहीं ?किया है। वैसे भी पेट्रोल की कीमत पिछले कुछ दिनों से स्थिर चल रही थी, लेकिन डीजल के दाम में बढ़ोतरी जारी थी। पिछले 7 जुलाई से डीजल 1.11 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। इससे तीन दिन पहले ही दिल्ली में डीजल की कीमतों में 12 पैसे का उछाल आया था। अगर पेट्रोल की बात करें तो इसमें पिछले 23 दिनों से बढ़ोतरी नहीं हुई है। इसके दाम में आ ?खिरी बार 29 जून को बढ़ोतरी हुई थी, वह भी महज 5 पैसे प्रति लीटर, लेकिन डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे थे। पेट्रोल और डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। दिल्ली में 23 जुलाई को पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर हैं।

## मारुति के नेक्सा नेटवर्क के पांच साल पूरे, 11 लाख इकाइयां बेचीं

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की प्रीमियम खुदरा श्रृंखला नेक्सा ने अपने परिचालन के पांच साल पूरे कर लिए हैं। इस दौरान नेक्सा ने 11 लाख से अधिक इकाइयों की बिक्री की है। मारुति ने कहा कि 200 से अधिक शहरों में 370 शोरूम के साथ मात्रा के हिसाब से नेक्सा तीसरा सबसे बड़ा खुदरा वाहन ब्रांड है। नेक्सा नेटवर्क के द्वारा कंपनी इग्निस,बलेनो, सियाज, एस-क्रॉस और एक्सएल6 मॉडलों की बिक्री करती है। नेक्सा देश में किसी वाहन कंपनी की पहली पहल है।नेक्सा ने ग्राहकों को नए प्रकार का खुदरा अनुभव दिया है। उन्होंने कहा कि इस ब्रांड ने पांच साल में 11 लाख उपभोक्ताओं को सेवाएं दी है। कंपनी ने नेक्सा बिक्री नेटवर्क की शुरुआत 2015 में की थी।

# मुकेश अंबानी की रणनीति अपना रही देश की कंपनियां

**मुंबई।** भारत की कंपनियां प्रमुख कारोबारी मुकेश अंबानी की रणनीति पर काम कर रही हैं। ये सारी कंप ?नियां अपनी नकदी बढ़ाने में लगी हुई हैं ता ?कि भविष्य में कोरोना महामारी जैसी चुनौती सामने आए तो उसका सामना किया जा सके, लेकिन इसकी वजह से कंप ?नियों को अपनी बड़ी योजनाओं से हाथ पीछे खींचने पड़ रहे हैं। कुमार मंगलम बिड़ला की कंपनी हिंडाल्को पूंजीगत खर्च में 40 फीसदी तक



मुकेश अंबानी की रणनीति अपना रही देश की कंपनियां

कटौती करेगी। वै ?श्विक स्तर पर कंपनी की नकदी बचाने की योजना है। जब ?कि देश की प्रमुख कंपनी टाटा स्टील के इस तरह के खर्च में ?पिछले साल के मुकाबले लगभग आधी ?गिरावट आएगी। इसी के साथ ये कंप ?नियां सीमेंट और ऑटो सेक्टर की कंप ?नियों के साथ ?मिलकर उन कंप ?नियों की कतार में शा ?मिल हो गई हैं जो अपने खर्च की योजनाओं को टाल रही हैं। वहीं निजी और सरकारी क्षेत्र की कंप ?नियां अपने पूंजी ?निवेश के साथ देश के जीडीपी में एक चौथाई योगदान करती हैं। इनकी ओर से पूंजीगत खर्च में कटौती करना लंबी अवधि में अर्थव्यवस्था की 7-8 फीसदी संभावित ग्रोथ को प्रभावित कर सकता है। कोरोना के कारण अपनाए जा रहे सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने से खपत पर प्रभाव पड़ा है, जो कि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे में कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर खर्च करने और निवेश बढ़ाने के बजाय नकदी और बैलेंस बढ़ाने को प्राथ ?मिकता दे रही हैं।

# संक्रमण की रोकथाम का कार्य टीम भावना के साथ किया जाए : कलेक्टर

## राजस्व, पुलिस, नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ बाल भवन में हुई बैठक



**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम का कार्य टीम भावना के साथ पूर्ण गंभीरता से किया जाए। इंसीडेंट कमांडर नेतृत्व करते हुए पुलिस, स्वास्थ्य एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई करें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह निर्देश गुरूवार को बाल भवन के सभागार में इंसीडेंट कमांडरों एवं विभागीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक में दिए हैं। कोविड-19 के संक्रमण के लिये और बेहतर प्रयास करने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, अपर कलेकटर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री किशोर कन्याल, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, एडिशनल एसपी श्री पंकज पाण्डेय, एडिशनल एसपी श्री सतेन्द्र तोमर सहित सभी इंसीडेंट कमांडर, पुलिस अधिकारी, नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण को रोकने का कार्य किसी एक व्यक्ति, विभाग का नहीं है, इस कार्य में सभी विभागों का समन्वित प्रयास आवश्यक है। राजस्व, पुलिस के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग का भी महत्वपूर्ण कार्य संक्रमण की रोकथाम में है। उन्होंने कहा कि सभी इंसीडेंट कमांडर अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय अमले के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सक्रिय लोगों से भी संक्रमण की रोकथाम के कार्य में सहयोग लें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि कोरोना पॉजिटिव निकलने वाले मरीजों को अस्पताल पहुँचाना, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग करना, महत्वपूर्ण कार्य है। इसके साथ ही केन्टोन्मेंट एरिया में भी पुख्ता प्रबंध नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया है वे लोग घर से निकलकर इधर-उधर न जाएं, इसकी भी मॉनीटरिंग की जाना चाहिए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जैसे ही केन्टोन्मेंट क्षेत्र घोषित किया जाता है वहाँ पर तत्काल बैरीकेटिंग की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही केन्टोनमेंट क्षेत्र की नियमित मॉनीटरिंग भी हो। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ केन्टोन्मेंट क्षेत्र ऑफीसर और एक शिक्षक को भी तैनात किया गया है। इन तीनों का आपसी समन्वय भी आवश्यक है। केन्टोनमेंट क्षेत्र की सूची प्रतिदिन पुलिस अधिकारियों को भी उपलब्ध कराई जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने पुलिस अधिकारियों से भी कहा कि वे केन्टोनमेंट क्षेत्र में नियमित निगरानी करें। आवश्यकता पड़े तो कार्रवाई भी की जाए। नगर निगम का अमला केन्टोनमेंट क्षेत्र में सेनेटाइजेशन का कार्य करे। पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन ने कहा कि ग्वालियर में सभी विभागों के समन्वित प्रयास से कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये अच्छी कार्रवाई हुई है।



## पुलिस थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने वर्ष 2018 से वांटेड शातिर ठग को गिरफ्तार किया।

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) श्री पंकज पांडेय व नगर पुलिस अधीक्षक महाराज पुरा ग्वालियर श्री रवि भदौरिया के निर्देशन में पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा की टीम ने आरोपी रामवीर लोधी पुत्र सुघर सिंह लोधी उम्र 38 वर्ष निवासी एल एस कान्वेंट स्कूल वाली गली गदाईपुरा हजीरा को आज सुबह पीताम्बरा धर्मकांटा गदाईपुरा से गिरफ्तार किया। दिनांक 20/3/18को फरियादी राजू यादव निवासी यादव कॉलोनी ट्रंच रोड महावीर पुरा मुरैना ने आरोपी रामवीर लोधी के विरुद्ध रिपोर्ट की कि दिनांक 5 /2 /16 को पीतांबरा धर्म कांटे के पास श्री राम मोटर गैरेज में एक हुंडई एसेंट कार नंबर स्श्र06ञ्ज0713 एक्सीडेंट होने पर मरम्मत हेतु दी थी किंतु रामवीर लोधी गैरेज मालिक ने कार मरम्मत कर वापस नहीं की व कार खुर्द बुर्द कर अमानत में खयानत किया ।रामवीर लोधी वर्ष 2018 से थाना हजीरा के अपराध क्रमांक 127/18 धारा 406 आई पी सी में वांटेड था ।आरोपी रामवीर लोधी अपना गैरेज बंद कर ग्वालियर से भाग गया था ।हजीरा पुलिस ने दिनांक 28/10/18 को कार की चेसिस मंघाराम फेक्ट्री के सामने गोले का मंदिर से बरामद की थी । आरोपी रामवीर की तलाश हजीरा पुलिस दिनांक20/3/18से कर रही थी । रामवीर ने कार का इंजन व कीमती सामान खुर्द बुर्द कर दिया है जिसकी बरामदगी के प्रयाश जारी हैं ।रामवीर लोधी अभी फरीदाबाद में सोनू गुर्जर के मकान भारत कॉलोनी गली नंबर 3 थाना खेड़ी पुल फरीदाबाद हरियाणा में रह रहा था । रामवीर लोधी के विरुद्ध पुलिस थाना हजीरा ,ग्वालियर , गोला के मंदिर में कई अपराध दर्ज है व वर्ष 2007 में पत्नी राधा की हत्या कर चुका है । रामवीर लोधी ने करीब 15 ग्राहकों की मरम्मत के लिए आई कारों को खुर्द बुर्द किया है जिसकी तलाश थाना गोले के मंदिर को भी थी । पुलिस थाना हजीरा की टीम- एसआई नरेंद्र छिकारा प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान आरक्षक जनक सिंह अमित सिंह, आरक्षक अशोक सिकरवार, आरक्षक राहुल राजावत, आरक्षक अभिषेक तिवारी व विश्ववीर जाट की मुख्य भूमिका रही ।

## ग्वालियर थाना पुलिस ने 5-5 हजार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार



**ग्वालियर।** ग्वालियर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 5-5 हजार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को सूचना प्राप्त हुई कि थाना ग्वालियर के अप 0 क 0 319/20 धारा 307,294,506 ताहि के फरार आरोपी खडे हुये देखे गये है जो बाहर भागने की फिराक मे खडे है , उक्त सूचना की तस्दीक हेतु अति 0 पुलिस अधीक्षक मध्य जिला ग्वालियर पंकज पाण्डे एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग ग्वालियर नागेन्द्र सिह सिकरवार के निर्देशन में थाना प्रभारी बलवीर सिंह मावई के नेतृत्व में मय बल उनि दीपक गौतम , उनि योगेन्द्र सिह , सउनि 0 राघवेन्द्र सोलंकी . आर विवेक सिह , आर कमल सिह , आर संदीप जाट . आर मुकेश राजावत . आर संतोष कुशवाह आर 0 जय सिंह , आर 0 अनिल सिंह , आर 0 मनोज शर्मा , आर 0 राजबिहारी , आर 0 भामू राजावत , आर 0 अवधेश , आर 0 रसीद खॉन , आर 0 अमरदीप सिंह , आर 0 लेखराज सिंह की टीम द्वारा पी.एच.ई कॉलोनी में पहुंचे दो व्यक्ति खड़े दिखे पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे जिन्हे घेराबंदी कर टीम के द्वारा पकड़ा गया जिनसे उनका नाम पते पूछने पर रिंकू कमरिया पुत्र ज्ञान सिंह कमरिया नि 0 आउखाना घासमण्डी . अन्नी उर्फ अनिल पुत्र पिलुआ कमरिया नि 0 वुलवुलपुरा घासमण्डी के पी.एच.ई कॉलौनी हजीरा का होना बताया उक्त आरोपियों के विरुद्ध मान 0 जिला दण्डाधिकारी द्वारा राष्टीय सुरक्षा अधि 0 के तहत 03 माह जेल में निरुद्ध रखने का आदेश जारी किया गया था , एन.एस.ए के तहत उक्त दोनो आरोपियों को घटना स्थल से गिरफतार किया गया . दोनो अरोपियों की गिर 0 पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला ग्वालियर गिर 0 पर 5-5 हजार का इनाम घोषित किया गया था । उक्त दोनो आरोपियों से अप 0 क 0 319/20 धारा 307 में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किये गये ।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा में प्रताप सिंह भदौरिया बने उपाध्यक्ष



**ग्वालियर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय क्षत्रिय महासभा जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई जिसमें प्रताप सिंह भदौरिया को उपाध्यक्ष नियुक्त किया एवं साथ ही नियुक्ति पत्र दिया गया इस मौके पर वरिष्ठ जिलाध्यक्ष श्री राम कुमार सिंह सिकरवार भिण्ड जिलाध्यक्ष अशोक सिंह तोमर उर्फ छोटू भईया, सर्वेश भदौरिया बाबू राठौड़ राजू सिकरवार युवा जिलाध्यक्ष एवं अन्य साथीगण उपस्थित हुए।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



**ग्वालियर।** शहर की सिरोल थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ।पुलिस अधीक्षक ग्वालियर नवनीत भसीन, द्वारा महिला संबंधी अपराध में त्वरित निकाल हेतु बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देषित किया। वरिष्ठअधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में थाना प्रभारीसिरोल उनि0 पप्पू यादव को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि माह फरवरी 2020 में थाना सिरोल क्षेत्र में हुये बलात्कार का आरोपी नाजिम खांन को जय गुरूदेव आश्रम के पासहाइवे पर देखा गयाहै। उक्तसूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारीसिरोल ने मय थाना बल के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर बदमाष को धरदबोचा।पूछताछ करने पर उसनेअपनानामनाजिम खांनपुत्र नसीर खॉउम्र 31 सालनिवासीआंतरी जिला ग्वालियर बताया। ज्ञातहो कि दिनांक 12.02.2020 को थाना सिरोल के गुमइंसान के प्रकरण में गुमषुदा महिला ने थाने आकर बताया कि दिनाक 01.01.2020 को नाजिम खांनउसेबहलाफुसला कर अपनेसाथकालपी उ0प्र0 लेगयाथा।जहॉउसकेसाथ शादी कर झांसादेकरबलात्कार किया गया।फरियादिया के रिपोर्ट पर से थाना सिरोलमेंआपराधिक प्रकरणपंजीबद्ध किया जाकरआरोपी की तलाषजारीकी। सराहनीय भूमिकाःउक्तबदमाषको गिरफ्तार करने मेंथाना प्रभारी, उनि0 पप्पू यादव, प्रआर0गंगासिंह, आर0 जितेंन्द्र, सलमान, ब्रजेष, अभिषेक,की सराहनीय भूमिकारही।

## कैट की वेबिनार 25 जुलाई को

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा कोरोना महामारी के भीषण समय में व्यापारी एवं उद्योगपतियों के लिए कोरोना क्रायसिस मैनेजमेंट ग्रुप के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जनचर्चा का आयोजन 25 जुलाई, शनिवार को सायं 4 बजे किया गया है। कैट के दीपक पमनानी, रवि गुप्ता ने बताया कि इस भीषण महामारी में चार माह से लॉकडाउन पीरियड चल रहा है और यह माहमारी अपने पीक पर आ रही है। इसको लेकर जहां व्यापारी एवं उद्योगपति आर्थिक रूप से संकट का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बीमारी के कुछ भी लक्षण होने पर एक घबराहट का माहौल होता है। कैट ने 'हम कोरोना से जीतेंगे' आत्मविश्वास को लेकर सभी व्यापारी एवं उद्योगपतियों के लिए अब वेबिनार शुरू की है। इसमें वह कोरोना क्रायसिस मैनेजमेंट ग्रुप के चिकित्सकों के साथ अपने प्रश्नों का जवाब ले सकते हैं और महामारी से कैसे बचें, इसके उपाय 25 जुलाई, शनिवार को शाम 4 बजे डॉ. नितिन जैन, संयुक्त सचिव इंडियन मेडीकल एसोसिएशन आपके प्रश्नों के जवाब देने के लिए जनचर्चा में शामिल होंगे।

## थाना बहोडापुर पुलिस ने एक बदमाष को मय 315 बोर के 02 देषी कट्टे सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** शहर की बहोडापुर थाना पुलिस ने एक बदमाश को 2 तमंचों के साथ गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ अपना फोटों डाला था। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन, द्वाराअवैध हथियारों का व्यापार करने वाले बदमाषों की धर पकड हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन मेंथाना प्रभारा ह्बहोडा पुरउनि0 दिनेष राजपूतको सूचनाप्राप्तहुई कि सौरव उर्फ चुम्मावाल्मीक सोषलमिडिया पर अवैध हथियार315 बोर के 02 देषीकट्टे के साथफोटोपोस्ट कर रहा है। जिस पर से थाना प्रभारी उनि0 दिनेषराजपूत ने थाना बहोडापुरमेंउक्तबदमाष के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर तलाषजारी कि, तलाष के दौरान दिनांक 23.07.2020 को थाना प्रभारी बहोडापुर उनि0 दिनेषराजपूत को जरिये मुखबिर सूचन ाप्राप्त हुई कि सोषलमिडिया पर अवैध हथियार के साथफोटोपोस्ट करने वाले बदमाष को लक्ष्मणतलैयापानी की टंकी के पास देखा गया है। उक्तसूचना पर थाना प्रभारीबहोडापुर ने तत्काल कार्यवाही करते हुये मय थाना बल के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर उक्तबदमाष को घरदबोचा।पूछताछ



करने पर उसने अपना नाम सौर वउर्फ चुम्मा वाल्मीक पुत्र दीपक वाल्मीक उम्र 19 वर्ष निवासी खल्लासी पुर षिंदे की छावनी बताया। गिरफ्तार बदमाष की तलाषी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का देषी कट्टा व 02 जिंदा राउंड वरामद किया। पूछताछ म ेंसोषल मिडिया में फोटो में दूसर ेदेषी कट्टे के बारेमेंपूछने पर बदमाष की निषादेही पर दूसरा 315 बोर कर देषीकट्टाबदमाष के निवास से वरामद किया।गिरफ्तारबदमाष के खिलाफ थाना बहोडापुरमेंआर्म्स एक्ट का प्रकरणपंजीबद्ध कर वरामदकट्टों के संबंध मेंपूछताछ की जा रही है। सराहनीय भूमिकाःउक्तबदमाषको गिरफ्तार करने मेंथाना प्रभारीबहोडापुर उनि0 दिनेषराजपूत, सउनि0 सुदीपपमार आर0 अभिषेक, धर्मेन्द्र, अनूप गुर्जर, की सराहनीय भूमिका रही।

## 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के कर्मचारियों ने संभाली कोरोना की बागडोर

ग्वालियर जिले की 15 एंबुलेंस अपनी बेहतर सेवाएं लोगों को दे रही है स्वास्थ्य विभाग और बन जेड,एच,एल, कंपनी मिलकर कोरोना के खिलाफ, एकजुट होकर इस महामारी से लोगों को बचाने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है रोजाना सैकड़ों मरीजों को लाने और ले जाने का कार्य 108 एंबुलेंस द्वारा किया जा रहा है जिससे लोगों को काफी हद तक 108 की सहायता मिल रही है 108 पर कॉल लगाते ही तत्काल एंबुलेंस केस के लिए रवाना हो जाती है जिसमें ई,एम,टी और पायलेट बडी शिद्दत से अपना कार्य कर रहे हैं ईसके साथ जिला प्रभारी श्री गोप ाल नेगी एवं संभागीय अधिकारी श्री प्रवीण शर्मा लगातार सभी एंबुलेंस का निरीक्षण करते हैं और आवश्यकता अनुसार मेडिकल उपकरण सैनिटाइजर ग्लोबस पी,पी,टी, किट इत्यादि उपलब्ध करवाते हैं जिससे एंबुलेंस लोगों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहती है इसके साथ सभी एंबुलेंस में मेंटेनेंस(मरम्मत) कार्य भी समय पर करवाया जा रहा है




## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560


## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478